कोटद्वार, गुरूवार
26 मार्च 2026
वर्ष: 48
अंक: 296 पृष्ठ: 4
मूल्य: 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

# कैबिनेट के फैसलों में विकास, रोजगार और राहत का संतुलन

## कैबिनेट बैठक में लिये गये अहम निर्णय

देहरादून। देहरादून स्थित सचिवालय में आज मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में कैबिनेट बैठक शुरू हुई। बैठक की शुरुआत में मुख्यमंत्री ने मंत्रिमंडल में शामिल नए मंत्रियों का स्वागत करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं और राज्य के विकास कार्यों में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने वर्तमान सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से प्राप्त शुभकामना संदेश के संबंध में मंत्रिमंडल को अवगत कराया।

इस अवसर पर मुख्य सचिव ने प्रधानमंत्री के संदेश का विधिवत वाचन किया। प्रधानमंत्री के शुभकामना संदेश पर राज्य मंत्रिमंडल ने आभार व्यक्त करते हुए इसे राज्य सरकार के लिए प्रेरणादायक बताया। मंत्रिमंडल के सदस्यों ने कहा कि यह संदेश राज्य के विकास, सुशासन और जनकल्याण के प्रयासों को और अधिक गति देने के लिए प्रोत्साहित करेगा। बैठक में राज्यहित से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई ।

**कैबिनेट द्वारा लिये गये अहम निर्णय**

1. लोक निर्माण विभाग के एडीबी (एशियाई विकास बैंक) समर्थित पुल सुधार परियोजना उत्तराखण्ड के तहत ली गई कंसलटेंसी के 01 करोड़ से ऊपर की धनराशि के टेण्डर को मंत्रीमण्डल द्वारा दिया गया अनुमोदन।

2. न्याय विभाग के अन्तर्गत उत्तराखण्ड राज्य में सेवारत न्यायिक अधिकारियों को वाहन क्रय करने हेतु नॉमिनल इंटरेस्ट रेट पर 10 लाख रूपये तक सॉफ्ट लोन की सुविधा अनुमान्य किये जाने का कैबिनेट द्वारा किया गया अनुमोदन। इसके तहत इंटरेस्ट रेट इलैक्ट्रिक वाहनों के लिए 4 प्रतिशत तथा अन्य वाहनों के लिए 5 प्रतिशत है।

3. वन विभाग के अन्तर्गत मुख्य प्रशासनिक अधिकारी पद हेतु न्यूनतम सेवा 25 वर्ष का प्राविधान था, जिसे कार्मिक विभाग की व्यवस्था के अनुरूप 25 वर्ष से घटाकर 22 वर्ष वर्ष किये जाने का मंत्रीमण्डल द्वारा दिया गया अनुमोदन।

4. ऊर्जा विभाग की प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अन्तर्गत भारत सरकार के साथ ही राज्य सरकार द्वारा सब्सिडी दी जा रही थी, जिसे बाद में समाप्त



कर दिया गया था। इसके तहत 31 मार्च, 2025 तक जिन लोगों के संयत्र लग चुके थे, उनको इस सब्सिडी का लाभ दिये जाने का कैबिनेट प्रदान की अनुमति।

5. उच्च शिक्षा विभाग के अन्तर्गत उत्तराखण्ड निजी विश्वविद्यालय अधिनियम 2023 की धारा 36 के प्रावधानानुसार स्वामी राम हिमालयन विश्वविद्याालय जनपद देहरादून से संबंधित या उससे अनुषांगित विषयों का उपबन्ध एवं नियमन करने के लिए परिनियम के प्रख्यापन की कैबिनेट ने दी मंजूरी।

6. गृह विभाग के अन्तर्गत वर्ष 2025 में उत्तराखण्ड लोक और निजी सम्पत्ति वसूली अधिनियम बनाया गया था, जिसमें नियमावली बनाने हेतु परामर्शी विभागों (वित्त, न्याय और विधायिकी) से परामर्श लेकर नियमावली लागू करने की मंत्रिमण्डल द्वारा दी गई अनुमति।

7. गृह विभाग के अन्तर्गत उत्तराखण्ड होमगाड्र्स समूह 'क' एवं 'ख' सेवा संशोधन नियमावली के प्रख्यापन को मंत्रीमण्डल की मिली अनुमति। इसके तहत वर्ष 2024 में होम गार्ड्स विभाग के अन्तर्गत केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान हेतु कमाडेंट का पद सृजित किया गया था, जिसकी नियमावली न बनने के कारण प्रमोशन बाधित हो रहे थे।

8. गृह विभाग के अन्तर्गत भारतीय न्याय संहिता लागू होने के बाद डिजिटाइजेशन की व्यवस्था और कम्प्यूटर आधारित अंवेषण की व्यवस्था की गई थी, इसके तहत पुलिस कार्मिकों को कई तरह की ट्रेनिंग दिये जाने हेतु हेतु भारत सरकार की सेवा प्रदाता संस्था 'नेशनल इंस्ट्यूट फॉर इलेक्ट्रोनिक्स एण्ड इन्फॉरमेशन टैक्नोलॉजी ' (आईटी विभाग के अन्तर्गत) विशेषज्ञों की नियुक्ति का मंत्रीमण्डल द्वारा किया गया अनुमोदन।

9. कार्मिक विभाग के अन्तर्गत वर्दीधारी सिपाही पदों और वर्दीधारी उप निरीक्षक पदों (पुलिस, पीएससी, आईआईआरबी, प्लाटून कमान्डर, अग्निशमन अधिकारी, वन दरोगा) की सीधी भर्ती के लिए वर्ष 2023 में एकीकृत नियमावली बनाई गई थी, जिसके तहत कुछ पदों के लिए आयु सीमा और हाइट बढ़ी–घटी थी। इस संबंध में आगामी तीन वर्ष तक पूर्व की नियमावली की व्यवस्था बनाये रखने का कैबिनेट द्वारा दिया गया अनुमोदन।

10. माध्यमिक शिक्षा के अन्तर्गत मा. न्यायालय द्वारा लिये गये निर्णयानुसार एडेड स्कूल बनने से पूर्व शिक्षकों की सेवा को प्रोन्नति के लिए मान्य करने को लेकर मंत्रीमण्डल में विचारार्थ प्रस्ताव में मा. मंत्रीमण्डल द्वारा उप समिति बनने का अनुमोदन दिया गया।

11. खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के अन्तर्गत रवि विपणन सत्र 2026–27 में विकेन्द्रीयकरण के अन्तर्गत मूल्य समर्थन हेतु गेहूँ खरीद के प्रस्ताव को भारत सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य 2585 रूपये प्रति कुन्तल का लाभ दिये जाने हेतु मा. मंत्रीमण्डल द्वारा अनुमोदित किया गया। इसके तहत राजकीय कृषकों से 2.2 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीदी का लक्ष्य भी रखा गया है।

12. खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के अन्तर्गत भारत सरकार से निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर रबी और खरीब सत्रों में की जाने वाली गेहूं और धान खरीद पर भारत सरकार द्वारा अनुमन्य मण्डी शुल्क 02 प्रतिशत ही लिये जाने का कैबिनेट ने दिया निर्णय।

13. उद्योग विभाग द्वारा प्रस्तावित नई योजना 'उत्तराखण्ड वीर उद्यमी योजना 2026' को मा. मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना को सप्लीमेंटरी योजना के तहत प्रस्तावित किया गया है, इसके तहत मा. मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के लक्ष्य के सापेक्ष 10 प्रतिशत लक्ष्य पूर्व सैनिक एवं पूर्व अग्निवीरों के लिए रिर्जव रखा जायेगा। यदि परिवार में पति–पत्नी दोनों ही पूर्व सैनिक या पूर्व अग्निवीर हैं, तो दोनों को लाभ देने तथा 5 प्रतिशत सब्सिडी भी दिये जाने की कैबिनेट ने दी मंजूरी। इसके तहत पर्वतीय क्षेत्रों के लिए 02 लाख रूपये तक में 30 प्रतिशत, 02 से 10 लाख तक में 25 प्रतिशत तथा 10 से 25 लाख रूपये में 30 प्रतिशत की सब्सिडी दी जायेगी। जबकि मैदानी क्षेत्रों में 02 लाख रूपये तक में 25 प्रतिशत, 02 से 10 लाख तक में 20 प्रतिशत तथा 10 से 25 लाख रूपये में 15 प्रतिशत की सब्सिडी दी जायेगी।

14. नियोजन विभाग के अन्तर्गत राज्य योजना आयोग के स्थान पर सेतु आयोग के गठन, उसके कार्यक्षेत्र एवं संगठनात्मक ढांचा निर्माण की कैबिनेट द्वारा दी गई अनुमति।

15. विधायी और संसदीय विभाग के अन्तर्गत उत्तराखण्ड की पंचम विधान सभा सत्र 2026 का सत्रावसान करने का मंत्रिमण्डल द्वारा दिया गया अनुमोदन।

## एक नजर

### कार खाई में गिरने से एक की मौत

नई टिहरी। नरेंद्रनगर–रानीपोखरी मोटर मार्ग पर एक कार अनियंत्रित होकर गहरी खाइ में गिर गई जिससे कन्हरवाला निवासी कार सवार की मौत हो गई। पुलिस से मिली सूचना के बाद उसके परिजन अस्पताल पहुंचे। कार दुर्घटना का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। थाना प्रभारी निरीक्षक देवराज शर्मा ने बताया कि बुधवार दोपहर करीब 12 बजे सूचना मिली कि नरेंद्रनगर से चार किमी दूर गुजराड़ा की ओर एक कार अनियंत्रित होकर करीब 70 मीटर नीचे खाई में गिर गई है। सूचना मिलने के बाद पुलिस उप निरीक्षक भगवती प्रसाद बहुगुणा और अग्नि एवं आपदा राहत अधिकारी शंकर चंद रमोला मय फोर्स मौके पर पहुंचे। पुलिस ने कड़ी मशक्कत कर गंभीर रूप से घायल कार सवार को सड़क पर पहुंचाकर यहां संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया लेकिन डॉ० नरेश गुलवानी ने ने कार स्वामी पूर्व सैनिक मनमोहन सिंह रावत पुत्र भूपेंद्र सिंह रावत निवासी ग्राम कान्हरवाला पोस्ट ऑफिस भानियावाला देहरादून को मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मनमोहन सिंह कार में अकेला था। दुर्घटना कैसे हुई इसकी जांच की जाएगी। कार दुर्घटना की सूचना परिजनों को दे दी गई है।

### गुलदार ने हमला कर तीन बकरियों को मार डाला

नई टिहरी। जंगल में चुगान करने के दौरान गुलदार ने तीन बकरियों को मार डाला। इस दौरान बकरी पालक खुद भी चोटिल हो गया। इस घटना के बाद डागर खर्क क्षेत्र के गांवों में गुलदार की दहशत बनी हुई है। बीते मंगलवार को ग्राम सभा डागर खर्क के राजेंद्र सिंह पुंडीर और उनका बेटा धीरेंद्र सिंह बकरियों को चराने के लिए जंगल में ले गए थे। शाम 4 बजे के लगभग झांडियों में छुपा गुलदार बकरियों पर झपट पड़ा। मौके पर तीन बकरियों को निवाला बना डाला। इस दौरान राजेंद्र सिंह ने बकरियों को बचाने का प्रयास किया जिससे वह चोटिल हो गया। श्रीदेव सुमन अस्पताल में उसका प्राथमिक उपचार किया गया। ग्राम प्रधान दिलीप सिंह पुंडीर की सूचना पर वनकर्मी मौके पर पहुंचे। बीडीसी सदस्य संदीप पुंडीर, प्रमोद सिंह पुंडीर, राम सिंह ने वन विभाग से प्रभावित परिवार को मुआवजा देने की मांग। क्षेत्र में वन कर्मियों की गश्त बढ़ाने और गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने की मांग की है।

### मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को दी रामनवमी की शुभकामनाएं

**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रामनवमी के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान श्री राम हमारी आस्था के प्रतीक हैं और उनका आदर्श चरित्र हमें जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। उनका व्यक्तित्व धैर्य, मर्यादा, त्याग, तपस्या, नैतिक आचरण, सदाचार एवं परोपकार जैसे गुणों का अनुपम उदाहरण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान श्री राम ने अपने जीवन की प्रत्येक कठिनाई का सामना जिस आदर्श और धैर्यपूर्ण तरीके से किया, वह सम्पूर्ण मानव समाज के लिए सदैव प्रेरणा स्रोत रहेगा। उन्होंने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि वे मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का प्रयास करें। उन्होंने कामना की कि रामनवमी का यह पावन पर्व सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि लेकर आए।

### ट्रैक्टर-ट्रॉली में घुसी बाइक, छात्र की मौत

रुड़की : चंद्रपुरी में बुधवार को छात्र की बाइक आगे चल रही भूसे से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली में जा घुसी। इससे छात्र के सिर में गंभीर चोट आने पर उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में ले लिया। छात्र की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। गंगनहर कोतवाली क्षेत्र के पश्चिमी अंबर तालाब निवासी बीस वर्षीय वैभव जुनैजा एक कॉलेज से बीबीए की पढ़ाई कर रहा था। किसी काम से वह बुधवार की दोपहर करीब दो बजे बाइक से बाजार जा रहा था। मोहल्ला चंद्रपुरी में सामने से आ रहे एक वाहन को बचाने के चक्कर में उसकी बाइक आगे चल रही भूसे से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली में जा घुसी। (एजेंसी)

# पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव से पहले सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता

## 84 देसी बम और राइफल बरामद

दक्षिण परगना , पश्चिम बंगाल में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड में हैं। इसी बीच दक्षिण 24 परगना जिले से एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है, जहां तलाशी अभियान के दौरान 84 देसी बम और एक राइफल बरामद की गई है। पश्चिम बंगाल पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। तलाशी के दौरान एक तालाब से राइफल भी बरामद हुई, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। इस बरामदगी के बाद संबंधित मामला दर्ज कर लिया गया है और बिजयगंज बाजार पुलिस स्टेशन ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि इन हथियारों को किस मकसद से जमा किया गया था और इसके पीछे कौन लोग शामिल हैं।



**दो चरणों में होंगे चुनाव**

पश्चिम बंगाल में इस बार विधानसभा चुनाव दो चरणों में आयोजित किए जाएंगे। राज्य में 23 और 29 अप्रैल को मतदान होगा, जबकि 4 मई को नतीजे घोषित किए जाएंगे। पिछले विधानसभा चुनाव (2021) में मतदान आठ चरणों में 27 मार्च से 29 अप्रैल के बीच हुआ था, जबकि इस बार चरणों की संख्या घटाकर दो कर दी गई है।

**मतदाता संख्या में बदलाव**

इस चुनाव में एक और बड़ा बदलाव देखने को मिला है। राज्य में विशेष पुनरीक्षण (स्ढ्क्र) के बाद अंतिम मतदाता सूची से करीब 63 लाख 66 हजार नाम हटाए गए हैं, जबकि लगभग 60.6 लाख मतदाता अभी भी जांच के दायरे में हैं।

**मुख्य मुकाबला टीएमसी और बीजेपी के बीच**

राज्य की सियासत में इस बार भी मुख्य मुकाबला तृणमूल कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी के बीच माना जा रहा है। टीएमसी एक बार फिर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व में चुनावी मैदान में उतरी है, जो 2011 से राज्य की सत्ता संभाल रही हैं। वहीं, बीजेपी ने अभी तक मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है। इसके अलावा, हुमायूं कबीर जैसे नेता भी इस चुनाव में नए राजनीतिक समीकरण बना सकते हैं, जिससे मुकाबला और दिलचस्प होने की संभावना है।

### युवती से छेड़छाड़ और मारपीट के दोषियों को तीन वर्ष की कैद

हरिद्वार। परचून की दुकान पर बैठी लड़की से छेड़छाड़ और मारपीट कर गंभीर चोट पहुंचाने के मामले में अपर जिला जज चंद्रमणि राय ने दो आरोपियों को दोषी करार दिया है। कोर्ट ने दोषी प्रद्युम्न और अंकित को तीन–तीन वर्ष के कठोर कारावास और 30 हजार रूपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। जुर्माना राशि अदा नहीं करने पर दोनों को एक–एक माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता भूपेंद्र चौहान ने बताया कि 21 सितंबर 2023 को सिडकुल क्षेत्र के गांव में पीड़ित लड़की अपनी परचून की दुकान पर बैठी थी। आरोप है कि तभी वहां पर सामान लेने के बहाने पहुंचे आरोपी प्रद्युम्न और अंकित ने पीड़िता से बलात्कार की कोशिश की थी। पीड़ित के विरोध करने पर हमलावरों ने उस पर चाकू से 10–12 वार किए। पीड़ित के चिल्लाने पर पड़ोसी वृद्ध व्यक्ति ने मौके पर पहुंचकर पीड़ित को हमलावरों के चंगुल से बचाया। हमले में पीड़ित लड़की के गर्दन पर गंभीर घाव आए थे। यही नहीं, शिकायत करने पर दोनों हमलावरों के परिजनों पर भी पीड़ित लड़की के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया था। परिजनों ने पीड़ित को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया था। घटना के अगले दिन पीड़ित ने सिडकुल थाने में आरोपी प्रद्युम्न और अंकित के खिलाफ जानलेवा हमला करने व छेड़छाड़ का विरोध करने पर मारपीट का केस दर्ज कराया था। पुलिस ने आरोपी प्रद्युम्न पुत्र रामकुमार निवासी ग्राम रिठौरा ग्रांट सिडकुल और आरोपी अंकित पुत्र ब्रह्म सिंह निवासी ग्राम केलनपुर जलालपुर थाना पुरकाजी मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

# करोल बाग में भीषण हादसा, 25 यात्रियों से भरी बस पलटी, 2 लोगों की मौत

नई दिल्ली ,दिल्ली के करोल बाग इलाके में बड़ा सड़क हादसा हो गया, जब करीब 25 यात्रियों से भरी एक बस झंडेवालान मेट्रो स्टेशन के पास अचानक पलट गई। इस हादसे में 2 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल हो गए हैं। घायलों को अलग–अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, यह हादसा रात करीब 1:30 बजे हुआ। बस काफी तेज रफ्तार में थी। लोगों का कहना है कि स्पीड 80 से 100 के बीच रही होगी। बस ने संतुलन खोने के बाद एक–दो बार पलटी खाई और आसपास मौजूद लोगों ने बताया कि हादसा इतना अचानक हुआ कि किसी को संभलने का मौका ही नहीं मिला।

एक चश्मदीद ने बताया कि बस पलटने के बाद चारों तरफ चीख–पुकार मच गई। अंदर कई लोग फंसे हुए थे, जिनमें महिलाएं और छोटे बच्चे भी शामिल थे। एक छोटा बच्चा सीटों के बीच फंस गया था, जबकि एक महिला भी बुरी तरह फंसी हुई थी। मौके पर



मौजूद लोगों ने तुरंत मदद शुरू की और करीब 100–150 लोगों ने मिलकर बस को संभालते हुए घायलों को बाहर निकाला। स्थानीय लोगों के मुताबिक, सभी यात्रियों को बाहर निकालने में करीब आधा से एक घंटा लग गया। कई लोग खून से लथपथ थे और दर्द से कराह रहे थे। कुछ लोगों ने बताया कि 8–10 लोग गंभीर रूप से घायल थे। एक व्यक्ति ने कहा कि उसने खुद एक छोटी बच्ची को उठाकर बाहर निकाला, जबकि एक 5–6 साल के बच्चे को निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, पीसीआर वैन और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंच गई। एंबुलेंस के जरिए घायलों को तुरंत अस्पताल भेजा गया, जिनमें से कई को राम मनोहर लोहिया (आरएमएल) अस्पताल ले जाया गया। प्रारंभिक जांच में ड्राइवर की लापरवाही सामने आ रही है। कुछ लोगों का कहना है कि ड्राइवर शायद झपकी ले रहा था, जिसकी वजह से बस अनियंत्रित हो गई। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और हादसे के सही कारणों का पता लगाने में जुटी है।

# ईंधन की कमी की अफवाहें बेबुनियाद

## देश में पर्याप्त पेट्रोल–डीजल और एलपीजी स्टॉक : तेल कंपनियां

नई दिल्ली , देश में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की कमी को लेकर फैल रही अफवाहों के बीच तेल कंपनियों ने साफ किया है कि स्थिति पूरी तरह सामान्य है और कहीं भी ईंधन की कोई कमी नहीं है। भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर नागरिकों से अपील की कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें। कंपनी ने स्पष्ट कहा कि देश में पेट्रोल और डीजल की कोई कमी नहीं है, पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और सप्लाई चेन बिना किसी बाधा के सुचारू रूप से चल रही है। भारत पेट्रोलियम ने यह भी बताया कि भारत पेट्रोल और डीजल का नेट एक्सपोर्टर है और कच्चे तेल, पेट्रोल, डीजल और



एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) के पर्याप्त भंडार मौजूद हैं। बीपीसीएल ने लोगों से अपील की कि वे घबराहट में पेट्रोल पंपों पर भीड़ न लगाएं और केवल आधिकारिक स्रोतों पर ही भरोसा करें। बीपीसीएल ने यह भी भरोसा दिलाया कि वह निर्बाध ईंधन आपूर्ति के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इसी तरह हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) ने भी सोशल मीडिया पर जारी बयान में कहा कि देश भर में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की कोई कमी नहीं है। कंपनी ने ग्राहकों से कहा कि वे अफवाहों से भ्रमित न हों और सामान्य रूप से ईंधन का उपयोग जारी रखें। एचपीसीएल ने भरोसा दिलाया कि उसका नेटवर्क निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह सक्रिय है। इस बीच, सरकार ने भी स्थिति स्पष्ट करते हुए बताया कि देश की सभी रिफाइनरियां उच्च क्षमता पर काम कर रही हैं और ईंधन का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने मंगलवार को जानकारी दी कि देश में 18,700 टन कमर्शियल एलपीजी की आपूर्ति की जा चुकी है और 1 लाख से अधिक पेट्रोल पंप सामान्य रूप से संचालित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि पीएनजी कनेक्शन का भी तेजी से विस्तार किया जा रहा है और सिर्फ एक दिन में 7,500 नए घरेलू और वाणिज्यिक कनेक्शन दिए गए हैं। सरकार एलपीजी आपूर्ति को और मजबूत करने के लिए लगातार नए स्रोतों पर काम कर रही है, ताकि किसी भी तरह की कमी न हो। सरकार ने यह भी बताया कि एलपीजी की जमाखोरी और कालाबाजारी को रोकने के लिए देश भर में सख्त कार्रवाई जारी है। अब तक 642 एफआईआर दर्ज की जा चुकी हैं और 155 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पिछले 24 घंटों में करीब 3,400 छापे मारे गए और लगभग 1,000 सिलेंडर जब्त किए गए हैं।पेट्रोलियम मंत्रालय के अनुसार, देश भर में सभी रिटेल आउटलेट सामान्य रूप से काम कर रहे हैं ।

### रिश्वत लेते हुए बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर गिरफ्तार

रुड़की : देहरादून से आई विजिलेंस टीम ने बुधवार को रुड़की में बाल विकास विभाग की महिला सुपरवाइजर राखी सैनी को रंगेहाथों 50 हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया। विजिलेंस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी राखी सैनी बाल विकास अधिकारी कार्यालय रुड़की द्वितीय में सुपरवाइजर के पद पर तैनात हैं। आरोप है कि आंगनबाड़ी सहायिका सपना कश्यप से प्रमोशन के बदले रिश्वत की मांग कर रही थी।

सपना ने इसकी शिकायत देहरादून विजिलेंस से की थी। विजिलेंस की टीम ने मामले का संज्ञान लेकर जाल बिछाया। बुधवार को राखी सैनी को शिकायतकर्ता सपना से 50,000 रुपये की रिश्वत लेते पहले से घात लगाकर बैठी विजिलेंस टीम ने रंगे हाथों दबोच लिया। (एजेंसी)

# नम आंखों से हरीश राणा को दी गई अंतिम विदाई

नई दिल्ली ,इच्छा मृत्यु के बाद बुधवार को हरीश राणा को अंतिम विदाई दी गई। दिल्ली के ग्रीन पार्क में उनका अंतिम संस्कार किया गया। सुप्रीम कोर्ट से इच्छामृत्यु की अनुमति के बाद उनका एम्स में निधन हुआ था। अंतिम विदाई के दौरान माहौल बेहद भावुक रहा। परिवार, रिश्तेदारों और स्थानीय लोगों ने नम आंखों से उन्हें श्रद्धांजलि दी।

2013 में एक दर्दनाक हादसे ने हरीश की जिंदगी को हमेशा के लिए बदल दिया। मात्र 19 साल की उम्र में वह कोमा में चले गए। जुलाई 2010 में हरीश ने चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में सिविल इंजीनियरिंग में दाखिला लिया था। वर्ष 2013 में वह अंतिम वर्ष के छात्र थे। इसी दौरान अगस्त 2013 में रक्षाबंधन वाले दिन बहन से मोबाइल फोन पर बात करते हुए पीजी की चौथी मंजिल से गिर गए थे। तब से 13 लंबे साल तक



मशीनों पर सांसें, आंखें कभी–कभी झपकतीं, लेकिन बोल नहीं पाता, हिल नहीं पाता, सिर्फ परमानेंट वेजिटेटिव स्टेट (स्थायी वनस्पति अवस्था) में रहा।

परिवार ने हर उम्मीद से लड़ाई लड़ी डॉक्टर, अस्पताल, कोर्ट लेकिन हरीश की आत्मा उस शरीर में कैद थी, जहां दर्द हर पल उन्हें सताता रहता था। माता–पिता ने कभी हार नहीं मानी। लेकिन बेटे के दर्द के कारण उन्होंने सुप्रीम कोर्ट तक बेटे को सम्मानजनक मुक्ति देने की गुहार लगाई। सुप्रीम कोर्ट ने इच्छामृत्यु (पैसिव यूथेनेशिया) की अनुमति दी।

**आईडीएफसी बैंक के बाद अब हरियाणा में एक और घोटाला**

# कोटक महिंद्रा बैंक पर आरोप, 160 करोड़ रुपये गायब

पंचकूला ,हरियाणा में बैंकिंग घोटालों की श्रृंखला थमने का नाम नहीं ले रही है। 590 करोड़ रुपये के घोटाले के बाद अब पंचकूला सेक्टर–11 शाखा में करीब 160 करोड़ रुपये के गबन का मामला सामने आया है। यह राशि पंचकूला नगर निगम की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, नगर निगम ने इस शाखा में कुल 16 फिक्स्ड डिपॉजिट करवाई थीं, जिन्हें पहले एसबीआई से ट्रांसफर किया गया था। हाल ही में जब इन एफडी की मैच्योरिटी पर रकम वापस लेने के लिए बैंक को पत्र भेजा गया, तो बैंक ने संबंधित एफडी का कोई रिकॉर्ड होने से इनकार कर दिया। इस खुलासे के बाद नगर निगम में हड़कंप मच गया और तत्काल आंतरिक जांच शुरू की गई। अकाउंट अधिकारियों, कमिश्नर और ज्वाइंट




कमिश्नर की टीम ने दस्तावेजों की जांच कर रिपोर्ट सरकार और बैंक प्रबंधन को सौंप दी है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि फर्जी दस्तावेजों के आधार पर अतिरिक्त खाते खोले गए और एफडी की राशि को इन खातों में ट्रांसफर कर दिया गया। आशंका है कि बड़ी रकम एक महिला के खाते में भी भेजी गई, जिसके परिवार में कुछ वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी शामिल बताए जा रहे हैं। इसके अलावा, पैसा शेल कंपनियों के खातों में जमा किए जाने की भी बात सामने आई है। घोटाले को छिपाने के लिए कथित तौर पर एफडी के रिन्यूअल से जुड़े दस्तावेज नियमित रूप से नगर निगम को भेजे जाते रहे, जिससे अधिकारियों को लंबे समय तक संदेह नहीं हुआ। लेकिन हालिया बैंक घोटालों के बाद जब रकम वापस मांगी गई, तब यह मामला उजागर हुआ। जांच में यह भी सामने आया कि बैंक द्वारा जारी किए गए स्टेटमेंट फर्जी थे। नगर निगम ने 58 करोड़ और 102 करोड़ रुपये की एफडी की मैच्योरिटी राशि ट्रांसफर करने का अनुरोध किया था, लेकिन वास्तविक खाते में पैसा नहीं पहुंचा।

### झाड़ियों में मिला नवजात का शव, क्षेत्र में सनसनी

अल्मोड़ा। धौलादेवी ब्लॉक के बाराकूना गांव में उस समय सनसनी फैल गई, जब झाड़ियों में एक नवजात शिशु का शव बरामद हुआ। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया और पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को गांव की कुछ महिलाएं घास काटने के लिए जंगल की ओर जा रही थीं। इसी दौरान सड़क से करीब 50 मीटर दूर झाड़ियों में उन्हें नवजात का शव दिखाई दिया। महिलाओं के शोर मचाने पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए और तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जांच के दौरान पुलिस को महत्वपूर्ण सुराग मिला है कि नवजात की नाभि पर क्लिप लगी हुई थी, जिससे यह संभावना जताई जा रही है कि बच्चे का जन्म किसी अस्पताल में हुआ है।

# यात्राकाल में होगी 20 लाख गैस सिलेंडर की जरूरत

ऋषिकेश। चारधाम यात्राकाल में होटल, रेस्टोरेंट और ढाबा आदि में गैस की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए शासन स्तर पर कसरत शुरू हो गई है। पर्यटन सचिव के निर्देश पर चारधाम यात्रा प्रशासन संगठन ने गढ़वाल के सात जिलों के पूर्ति अधिकारियों से पिछले साल यात्राकाल के दो माह में गैस की खपत का आंकड़ा जुटाया है। इसी को आधार बनाते हुए कम से कम 20 लाख कॉर्मिशयल और घरेलू गैस सिलेंडर की जरूरत पर जोर दिया गया है। अप्रैल से चारधाम यात्रा का आगाज हो रहा है। तीन दिन पहले ही देहरादून में पर्यटन सचिव डीएस गर्ब्याल ने चारधाम होटल एसोसिएशन के साथ महत्वपूर्ण बैठक की थी, जिसमें गैस की आपूर्ति का मुद्दा सदस्यों ने सचिव के समक्ष रखा। बैठक के दौरान सचिव ने यात्रा प्रशासन संगठन



को यात्रा रूट के जिलों, हरिद्वार, देहरादून, पौड़ी, टिहरी, उत्तरकाशी, चमोली और रुद्रप्रयाग में बीते साल की यात्राकाल में मई और जून में गैस की खपत का आंकड़ा जुटाने के निर्देश दिए। सभी जिलों के पूर्ति अधिकारियों से खपत की डाटा मिलने पर पता चला कि दो महीनों में 16,41,149 कॉर्मिशयल और घरेलू गैस सिलेंडर की आपूर्ति हुई। यात्रा प्रशासन संगठन के ओएसडी डॉ. प्रजापति नौटियाल ने बताया कि इससे पर्यटन सचिव को पत्र के माध्यम से अवगत कराया जा रहा है। बताया कि पत्र में इस वर्ष यात्रा काल के लिए 20 लाख गैस सिलेंडर की आपूर्ति का सुझाव भी दिया जा रहा है।

## सम्पादकीय

# सड़कों पर अय्याशियां और अराजकता

शिक्षा के नाम पर उत्तराखंड की राजधानी में क्या भरोसा जा रहा है यह देहरादून के लोग ही जानते हैं। शिक्षा ग्रहण करने छात्र–छात्राओं ने देहरादून की पूरी आबो हवा को अश्लीलता और हिंसा की आगोश में लपेट दिया है और अब हालात यह हो गए हैं की अराजकता का यह दौर हत्याओं में बदल गया है। शर्म की बात तो यह है कि अपने छात्रों को सड़कों पर गुंडो की तरह लड़ते देख उनके संस्थान के संचालक भी अंधे बने बैठे हैं क्योंकि इन्हें सिर्फ और सिर्फ समय पर शुल्क से मतलब है फिर चाहे उनके छात्र शहर की फिजा में जहर घोलें या फिर अश्लीलता की सीमाओं को पार कर डालें। प्रेम नगर में स्थित एक निजी संस्थान के छात्रों का आपसी वर्चस्व का जुनून इस हद तक जा पहुंचा की एक गुट ने दूसरे गुट के छात्र को हावड़ा मारकर घायल कर दिया जिसकी बाद में अस्पताल में मौत हो गई। हालांकि राजधानी की सड़कों पर बाहरी छात्रों का यह उद्दंड कोई नई बात नहीं है और कहीं ना कहीं इसके लिए जनपद पुलिस भी जिम्मेदार है जो छात्रों के इस प्रकार के आचरण को अब तक हल्के में लेती आई है। छात्रों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए अक्सर उनके साथ नरम रवैया बरता गया जिसकी बानगी आज हत्या तक पहुंच गई है। यह जरूरी है कि शिक्षण संस्थानों के संचालकों के खिलाफ भी पुलिस को कमर कस लेनी चाहिए क्योंकि इन लोगों ने भी कहीं ना कहीं छात्रों को उद्दंडता और अनुशासनहीनता का लाइसेंस दे रखा है अन्यथा कॉलेज के अंदर चलने वाली गुटबाजी और उनके छात्र–छात्राओं का सड़कों पर अय्याशियां और अराजकता का ज्ञान ना हो यह संभव नहीं है। इन संस्थाओं का एकमात्र उद्देश्य है जैसे तैसे छात्रों की संख्या बढ़ती रहे और उनके बैंक खाता भरते रहे फिर चाहे छात्र अपनी सीमाओं को पार करें या फिर सड़कों पर कोहराम मचाएं। छात्र की मौत के बाद पुलिस प्रशासन भी कुंभकर्णी नींद से जागा है और फैसला किया गया है कि ऐसे संस्थानों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह पुलिस का देर से उठाया गया कदम है और यदि पहले ही इस दिशा में थोड़ी भी गंभीरता और तत्परता पुलिस ने दिखाई होती तो शायद एक घर का बच्चा आज जिंदा होता। देहरादून की शांत हवा को बाहरी छात्रों ने विषाक्त बना दिया है और अब स्थिति लगभग नियंत्रण से बाहर हो चुकी है। माता–पिता भ्रम पाले बैठे हैं कि बच्चे अच्छी शिक्षा के लिए शिक्षा की नगरी देहरादून में गए हैं लेकिन उन्हें नहीं पता कि जहां उनके बच्चे पढ़ रहे हैं वह संस्थान केवल एक पैसा कमाने का अड्डा बनकर रह गए हैं जहां उनके नौनिहाल पतन के गर्त में प्रवेश कर रहे हैं।

# हुमायु कबीर–ओवेसी के गठबंधन से क्या टीएमसी कमजोर साबित होगी

**सौरभ वार्ष्णेय**

पश्चिम बंगाल की राजनीति में नए समीकरण बनने की आहट अक्सर सियासी बहस को तेज कर देती है। हाल के दिनों में हुमायु कबीर और ऑल इंडिया मजलिस–ए–इत्तेहादुल मुस्लिमीन के संभावित गठबंधन की चर्चा इसी संदर्भ में देखी जा रही है। सवाल यह है कि क्या इससे तृणमूल कांग्रेस कमजोर होगी? जबकि ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस पार्टी (टीएमसी) की पकड़ बहुत मजबूत है। गांव–गांव ममता की की छवि प्रभावशील नेता के रूप में विख्यात है। ममता दीदी के नाम से सब जगह उन्हें प्यार दुलार के रूप में देखा जाता है। ममता को कम आंकना बेइमानी होगी। वहीं भाजपा को अन्य राज्यों में हुए चुनाव में समीकरण देखने से पता चता है कि आवेसी की पार्टी ने कुछ हद तक प्रभाव डाला है। अब ऐसे में ममता की तीसरी पारी कैसी होगी यह समय के गर्त में है।

पश्चिम बंगाल का चुनाव ऐसे समय हो रहा है जहां विश्व में कई देश में युद्व की आग में झुके हुए हैं। जिससे पूरे विश्व में चीजें अवरुद्व हो रही है। ऐसे ही युद्व चलता रहा तो निश्चित ही महंगाई भी चरम सीमा पर होगी। अगर देखा जाये तो वोट बैंक की राजनीति और प्रभावित होगी। पश्चिम बंगाल में मुस्लिम वोट बैंक एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जो अब तक बड़े पैमाने पर टीएमसी के साथ रहा है। ऑल इंडिया मजलिस–ए–इत्तेहादुल मुस्लिमीन की रणनीति आमतौर पर इसी वोट बैंक में सेंध लगाने की रही है, जैसा कि उसने बिहार और अन्य राज्यों में करने की कोशिश की। यदि हुमायु कबीर जैसे स्थानीय प्रभाव वाले नेता ऑल इंडिया मजलिस–ए–इत्तेहादुल मुस्लिमीन के साथ आते हैं, तो कुछ इलाकों में वोटों का बंटवारा संभव है।

हालांकि, यह मान लेना जल्दबाजी होगी कि इससे टीएमसी को बड़ा नुकसान होगा। इसके पीछे कुछ कारण हैं संगठनात्मक मजबूती ममता बनर्जी के नेतृत्व में जमीनी नेटवर्क काफी मजबूत है। स्थानीय बनाम बाहरी छवि बंगाल की राजनीति में बाहरी बनाम स्थानीय का मुद्दा अहम रहता है, और ओवेसी की पार्टी को अक्सर बाहरी पार्टी के रूप में देखा जाता है।

वोट ट्रांसफर की चुनौतीः गठबंधन बनने के बावजूद वोटों का पूरी तरह ट्रांसफर होना आसान नहीं होता। किन क्षेत्रों में असर संभव? सीमावर्ती जिलों और मुस्लिम बहुल सीटों–जैसे मुर्शिदाबाद, मालदा, उत्तर दिनाजपुर–में इसका कुछ असर दिख सकता है। लेकिन यह असर अधिकतर ञरूष्ट को हराने की बजाय विपक्षी वोटों के और बिखराव के रूप में सामने आ सकता है। दिलचस्प बात यह है कि इस तरह के गठबंधन का अप्रत्यक्ष फायदा भारतीय जनता पार्टी को मिल सकता है। यदि विपक्षी वोट बंटते हैं, तो त्रिकोणीय मुकाबले में भाजपा को बढ़त मिल सकती है।

हुमायु कबीर गठबंधन के लिए स्थानीय स्तर पर चुनौती जरूर खड़ी कर सकता है, लेकिन इसे टीएमसी की व्यापक कमजोरी के रूप में देखना अभी उचित नहीं होगा। यह ज्यादा संभावना है कि इससे विपक्षी खेमे में वोटों का विभाजन बढ़े, जिसका लाभ किसी तीसरे पक्ष को मिल सकता है। कुल मिलाकर, यह गठबंधन बंगाल की राजनीति में हलचल तो पैदा करेगा, लेकिन टीएमसी की जड़ों को हिलाने के लिए अभी और मजबूत, व्यापक और संगठित चुनौती की जरूरत है।

**ममता का संघर्ष, सादगी और सियासत की मिसाल**

भारतीय राजनीति में ममता का नाम एक ऐसे नेता के रूप में लिया जाता है, जिन्होंने ज़मीनी संघर्ष से सत्ता के शिखर तक का सफर तय किया। उनका राजनीतिक जीवन केवल पद और सत्ता की कहानी नहीं, बल्कि जिद, जनसंपर्क और निरंतर संघर्ष की दास्तान है। ममता बनर्जी का जन्म 5 जनवरी 1955 को हुआ। साधारण परिवार से आने वाली ममता ने कम उम्र में ही राजनीति में दिलचस्पी दिखानी शुरू कर दी थी। उन्होंने छात्र जीवन से ही सक्रिय राजनीति में भाग लिया और जल्द ही इंडियन नेशनल कांग्रेस से जुड़ गईं। 1970–80 के दशक में उन्होंने कांग्रेस के युवा चेहरों में अपनी पहचान बनाई। 1984 में उन्होंने पहली बार लोकसभा चुनाव जीतकर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। तृणमूल कांग्रेस की स्थापना ऐसे समय में हुई जब समय के साथ कांग्रेस में मतभेद बढने लगे। 1998 में ममता बनर्जी ने अलग होकर टीएमसी की स्थापना की। यह कदम उनके राजनीतिक जीवन का सबसे बड़ा मोड़ साबित हुआ। टीएमसी ने धीरे–धीरे पश्चिम बंगाल में अपनी पकड़ मजबूत की और वाम मोर्चे के लंबे शासन को चुनौती दी। 34 वर्षों से सत्ता में रही सरकार को 2011 में ममता बनर्जी ने सत्ता से बेदखल कर दिया। यह पश्चिम बंगाल की राजनीति में ऐतिहासिक परिवर्तन था। ममता बनर्जी राज्य की पहली महिला मुख्यमंत्री बनीं और उन्होंने खुद को दीदी के रूप में जनता के बीच स्थापित किया। ममता बनर्जी की राजनीति की सबसे बड़ी विशेषता उनकी सादगी और जनसंवाद है। वे अक्सर सीधे जनता के बीच जाती हैं और खुद को एक आम नागरिक के रूप में प्रस्तुत करती हैं।



उनकी सरकार ने कई सामाजिक योजनाएं शुरू कीं, जैसे– कन्याश्री योजना (महिला सशक्तिकरण), सबुज साथी (छात्रों के लिए साइकिल), स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र में सुधार, विवाद और चुनौतियां आदिहर बड़े नेता की तरह ममता बनर्जी का सफर भी विवादों से अछूता नहीं रहा। विपक्ष अक्सर उन पर तुष्टिकरण की राजनीति का आरोप लगाता है। केंद्र और राज्य के बीच टकराव भी उनकी राजनीति का हिस्सा रहा है। चुनावी हिंसा और प्रशासनिक फैसलों पर भी सवाल उठते रहे हैं। ममता बनर्जी का राजनीतिक जीवन यह साबित करता है कि दृढ़ इच्छाशक्ति और जनसमर्थन से असंभव भी संभव हो सकता है। उन्होंने पश्चिम बंगाल की राजनीति को नई दिशा दी और खुद को राष्ट्रीय राजनीति में एक प्रभावशाली नेता के रूप में स्थापित किया। आज वे केवल एक मुख्यमंत्री नहीं, बल्कि विपक्षी राजनीति की एक मजबूत आवाज भी हैं–जो सत्ता के खिलाफ खड़े होने का साहस रखती हैं।

पश्चिम बंगाल की राजनीति एक बार फिर निर्णायक मोड़ पर खड़ी दिखाई दे रही है। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर जिस तरह का माहौल बन रहा है, उसमें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अपनी जीत की संभावनाओं को लेकर आश्वस्त नजर आ रही है। सवाल यह है कि क्या वास्तव में भाजपा पश्चिम बंगाल में सत्ता की दहलीज पार कर पाएगी, या फिर तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) एक बार फिर अपनी पकड़ मजबूत बनाए रखेगी।

भाजपा अपने पक्ष में बनाती माहौल

भाजपा ने पिछले कुछ वर्षों में पश्चिम बंगाल में संगठन को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया है। बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं की सक्रियता, केंद्रीय नेतृत्व की लगातार रैलियां और हिंदुत्व के मुद्दों को उभारने की रणनीति पार्टी को एक मजबूत चुनौतीकर्ता बना रही है। इसके अलावा, केंद्र की योजनाओं का लाभ जनता तक पहुंचाने का प्रयास भी भाजपा के लिए सकारात्मक कारक बन सकता है। ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली टीएमसी को सत्ता विरोधी लहर, भ्रष्टाचार के आरोप और आंतरिक असंतोष जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। कई बड़े नेताओं का पार्टी छोड़ना भी टीएमसी के लिए चिंता का विषय है। हालांकि, ममता बनर्जी की व्यक्तिगत लोकप्रियता और जमीनी पकड़ अभी भी पार्टी की सबसे बड़ी ताकत बनी हुई है। पश्चिम बंगाल में चुनाव केवल विकास के मुद्दों पर नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक पहचान के आधार पर भी लड़े जाते हैं। भाजपा जहां हिंदू वोट बैंक को एकजुट करने की कोशिश में है, वहीं टीएमसी अल्पसंख्यक और ग्रामीण वोटरों पर अपनी पकड़ बनाए रखने में जुटी है। यह कहना जल्दबाजी होगी कि भाजपा स्पष्ट रूप से जीत की ओर बढ़ रही है, लेकिन इतना जरूर है कि मुकाबला अब पहले से कहीं अधिक कांटे का हो गया है। भाजपा ने अपनी उपस्थिति को मजबूत किया है, परंतु टीएमसी को पूरी तरह कमजोर मान लेना राजनीतिक भूल होगी।

पश्चिम बंगाल का चुनाव केवल सत्ता परिवर्तन का प्रश्न नहीं, बल्कि राज्य की राजनीतिक दिशा तय करने वाला होगा। भाजपा के लिए यह अवसर है कि वह अपनी बढ़त को जीत में बदले, जबकि टीएमसी के लिए यह अपनी साख और वर्चस्व बनाए रखने की परीक्षा है। अंतिम निर्णय जनता के हाथ में है, और वही तय करेगी कि राज्य की बागडोर किसे सौंपी जाए।

**पश्चिम बंगाल का चुनाव ऐसे समय हो रहा है जहां विश्व में कई देश में युद्व की आग में झुके हुए हैं। जिससे पूरे विश्व में चीजें अवरुद्व हो रही है। ऐसे ही युद्व चलता रहा तो निश्चित ही महंगाई भी चरम सीमा पर होगी। अगर देखा जाये तो वोट बैंक की राजनीति और प्रभावित होगी। पश्चिम बंगाल में मुस्लिम वोट बैंक एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जो अब तक बड़े पैमाने पर टीएमसी के साथ रहा है। ऑल इंडिया मजलिस–ए–इत्तेहादुल मुस्लिमीन की रणनीति आमतौर पर इसी वोट बैंक में सेंध लगाने की रही है, जैसा कि उसने बिहार और अन्य राज्यों में करने की कोशिश की। यदि हुमायु कबीर जैसे स्थानीय प्रभाव वाले नेता ऑल इंडिया मजलिस–ए–इत्तेहादुल मुस्लिमीन के साथ आते हैं, तो कुछ इलाकों में वोटों का बंटवारा संभव है।**

# साख बिगाड़ने और दबाव बनाने का हिस्सा मात्र

**हरिशंकर व्यास**

सुप्रीम कोर्ट की सख्ती के बाद एनसीईआईआरटी लाइन पर है और सरकार भी। सब सफाई दे रहे हैं और माफी मांग रहे हैं। एनसीईआरटी ने कोर्ट में माफी मांगी और किताबें वापस लेने का भरोसा दिया पर अदालत इतने पर संतुष्ट नहीं है। चीफ जस्टिस ने किताब पर रोक लगा दी है। लेकिन क्या यह सचमुच न्यायपालिका में भ्रष्टाचार से जुड़ा मुद्दा है या इसके पीछे कोई और कहानी है? असल में एनसीईआरटी की आठवीं की किताब में 'करप्शन इन ज्यूडिशियरीझ का जो अध्याय शामिल किया गया था वह न्यायपालिका में किसी भी स्तर पर मौजूद भ्रष्टाचार के बारे में छात्रों को बताने का उपक्रम था ही नहीं। ऐसा लग रहा है कि वह न्यायपालिका की साख पर सवाल खड़ा करने और लोगों के बीच धारणा को प्रभावित करने का प्रयास था। ध्यान रहे एनसीईआरटी की किताबें ऐसे नहीं तैयार हो जाती हैं कि किसी ने रैंडम कुछ लिख दिया और किताब छप गई। उसकी एक लंबी प्रक्रिया है। हर विषय की दो कमेटियां हैं, जो सामग्री तैयार कराने से लेकर उसके छपने तक की प्रक्रिया पर नजर रखती हैं। आठवीं कक्षा के समाज विज्ञान की किताब में यह अध्याय है। यह सिर्फ संयोग है कि समाज विज्ञान की किताब तैयार करने वाले कैरिकुलर एरिया ग्रुप के प्रमुख आईआईटी गांधीनगर के गेस्ट प्रोफेसर मिशेल डेनिनो हैं। यह कमेटी सामाजिक विज्ञान की किताबों की सामग्री के चयन, लेखन आदि पर ध्यान रखती है। इसके बाद नेशनल सिलेबस एंड टीचिंग लर्निंग मैटेरियल्स कमेटी होती है। यह एक उच्चस्तरीय कमेटी है, जिसने किताब को अंतिम रूप दिया है। इस कमेटी के अध्यक्ष नेशनल स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड एडमिनिस्ट्रेशन के चांसलर एमसी पंत हैं। प्रिंसटन यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर मंजुल भार्गव इसके सह अध्यक्ष हैं। इनके अलावा इंफोसिस की सुधा मूर्ति और प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार समिति के सदस्य संजीय सान्याल सहित 19 सदस्य हैं। सोचें, अगर इन सब लोगों ने सही में अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह किया है तो इसका मतलब होगा कि सबकी नजरों से किताब की सामग्री गुजरी और किसी को इसमें कुछ भी आपत्तिजनक नहीं दिखा। तभी सवाल है कि फिर सरकार ने कोर्ट में इसका बचाव क्यों नहीं किया? अगर इतने लोगों ने मिल कर किताब तैयार करने में भूमिका निभाई है तो या तो सब पर कार्रवाई हो या फिर सरकार कोर्ट में किताब का बचाव करे। एक दिलचस्प संयोग यह भी है कि प्रोफेसर मिशेल डेनिन की अध्यक्षता वाली कमेटी ने ही इतिहास की किताबों से मुगल साम्राज्य की कहानियों में कटौती की थी और उसे घटा कर बहुत छोटा कर दिया था। तभी सवाल है कि जो कमेटी देश में चल रहे सामाजिक और राजनीतिक नैरेटिव के हिसाब से किताबों की सामग्री तैयार कर रही है क्या उसने अनायास न्यायपालिका में कथित भ्रष्टाचार के मामले में आठवीं कक्षा के छात्रों को पढ़ाने का फैसला कर लिया था? किसी को इस पर यकीन नहीं हो सकता है। इस पूरे घटनाक्रम पर सोशल मीडिया में जो नैरेटिव बना है उसे बारीकी से देखें तो लग रहा है कि जिस मकसद से यह अध्याय किताब में शामिल किया गया था वह मकसद पूरा हो गया। न्यायपालिका में भ्रष्टाचार की चर्चा शुरू हो गई और सर्वोच्च अदालत द्वारा इस चर्चा को रोके जाने को लेकर भी बहस छिड़ गई है। एक बड़ा समूह है, जो कह रहा है कि न्यायपालिका में भ्रष्टाचार है और उसकी जांच होनी चाहिए, उस पर चर्चा होनी चाहिए। वही समूह यह भी कह रहा है कि न्यायपालिका अपने मामले में तुरंत मर्माहत हो जाती है और नहीं चाहती है कि उसकी बातें लोगों के सामने आए। सुप्रीम कोर्ट के बड़े वकील और जनहित याचिकाओं के माध्यम से लोगों की आवाज उठाने वाले प्रशांत भूषण ने भी सुप्रीम कोर्ट और कुछ वरिष्ठ वकीलों की टिप्पणियों पर आपत्ति की है। उन्होंने सोशल मीडिया में लिखा है कि 2007 में ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल ने कहा था कि लोगों की नजर में न्यायपालिका दूसरी सबसे भ्रष्टाचार वाली संस्था है। उन्होंने लिखा है कि अगर इस पर चर्चा को दबाया जाएगा तो लोगों की धारणा और मजबूत होगी। बाद में एनसीईआरटी के पूर्व निदेशक जेएस राजपूत ने भी सुप्रीम कोर्ट के रवैए पर सवाल उठाया और कहा कि अगर न्यायपालिका में भ्रष्टाचार की चर्चा होती है तो उसे रोकना ठीक नहीं है। जाहिर है कि अब किताब भले प्रतिबंधित हो जाए और न्यायपालिका में भ्रष्टाचार का अध्याय हटा कर बाद में किताब जारी हो लेकिन लोगों के बीच में यह मैसेज चला गया कि सरकार ने किताब तैयार कराई, जिसमें न्यायपालिका में भ्रष्टाचार का अध्याय था और उसे न्यायपालिका ने प्रतिबंधित कर दिया। इस तरह न्यायपालिका की साख पर सवाल भी उठ गया और उसके द्वारा अपने मामले को दबा देने की प्रवृत्ति का भी पता चल गया।

लोगों के बीच इस घटनाक्रम के बाद न्यायपालिका के प्रति धारणा थोड़ी और बिगड़ेगी। इस पूरे घटनाक्रम से जस्टिस यशवंत वर्मा का मामला फिर चर्चा में आ गया है। दिल्ली हाई कोर्ट के जज रहे जस्टिस वर्मा के घर से जले हुए नोट बरामद हुए थे। यह घटना पिछले साल होली के समय की है और फिर होली आ गई। एक साल में कुछ भी नहीं हुआ है।

# धुरंधर 2 के आगे उस्ताद भगत सिंह का हुआ बंटाधार

उस्ताद भगत सिंह ने सिनेमाघरों में 19 मार्च को उगादी के मौके पर दस्तक दी थी. इस एक्शन–कॉमेडी फिल्म का क्लैश रणवीर सिंह की धुरंधर 2 से हुआ. रिलीज के पहले दिन तो पवन कल्याण की स्टार पावर के दम पर इस फिल्म ने धमाकेदार ओपनिंग की लेकिन दूसरे ही दिन ये पटरी से उतर गई और धुरंधर 2 के आगे ये चारो खाने चित्त हो गई. यहां तक कि ओपनिंग वीकेंड में भी ये कमाल नहीं कर पाई, जानते हैं उस्ताद भगत सिंह ने रिलीज के चौथे दिन यानी संडे को कितना कलेक्शन किया है? उस्ताद भगत सिंह पवन कल्याण की मच अवेटेड फिल्म थी. धुरंधर 2 से क्लैश के बवाजूद इसने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर शुरुआत तो अच्छी की, लेकिन अगले दिन ही बाजी पलट गई और उस्ताद भगत सिंह सिंगल डिजिट में सिमटती नजर आई. शुक्रवार को बड़ी गिरावट के बाद, शनिवार को इसमें बड़ी उछाल की उम्मीद थी, लेकिन हैरानी की बात यह है कि इसमें



कोई खास बढ़त देखने को नहीं मिली और इसका कलेक्शन 10 करोड़ के आंकड़े से नीचे ही रहा.वहीं धुरंधर 2 ने रिलीज के चार दिन में बॉक्स ऑफिस लूट लिया और रणवीर सिंह की फिल्म का कलेक्शन 450 करोड़ के पार पहुंच गया है. इन सबके बीच पवन कल्याण की फिल्म की कमाई की बात करें तो उस्ताद भगत सिंह ने सैकनिल्क के मुताबिक 34.75 करोड़ से खाता खोला था. इसके बाद दूसरे दिन इसने 9 करोड़ और तीसरे दिन 9.05 करोड़ कमाए. वहीं सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक रिलीज के चौथे दिन उस्ताद भगत सिंह ने महज 8 करोड़ का कलेक्शन किया.

## आईपीएल 2026 : सनराइजर्स हैदराबाद ने जैक एडवर्ड्स की जगह पर 35 वर्षीय तेज गेंदबाज को शामिल किया

नईदिल्ली,इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के लिए सनराइजर्स हैदराबाद ने डेविड पायने को अपने साथ जोड़ा है। दरअसल, जैक एडवर्ड्स टीम से बाहर हो गए हैं और उनकी जगह पर पायने को शामिल किया है। सनराइजर्स हैदराबाद ने आधिकारिक तौर पर ये ऐलान किया है। बता दें कि पायने ने अब तक आईपीएल में डेब्यू नहीं किया है। वह आगामी सीजन के दौरान खेलते हुए नजर आ सकते हैं। आइए इस खबर पर एक नजर डालते हैं। 35 साल के पायने को टी–20 क्रिकेट खेलने का अच्छा खासा अनुभव है। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने अब तक 233 मैच खेले हैं, जिसमें 21.16 की औसत और 8.03 की इकॉनमी रेट के साथ 304 विकेट लिए हैं। इस बीच उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 24 रन देते हुए 5 विकेट लेना रहा है। उन्होंने इंग्लैंड की ओर से एक वनडे मैच (बनाम नीदरलैंड, 2022) भी खेला है। बल्लेबाजः ट्रेविस हेड, स्मरण रविचंद्रन और अनिकेत वर्मा। ऑलराउंडरः अभिषेक शर्मा, कामिन्दु मेंडिस, नितीश रेड्डी, शिवांग कुमार, लियाम लिविंगस्टोन, और हर्ष दुबे।

# सत्र के पहले शॉटगन विश्व कप के लिए तैयार हैं भारतीय निशानेबाज

टैंगियेर (मोरक्को),इस साल के आखिर में होने वाले एशियाई खेलों और विश्व चैंपियनशिप को ध्यान में रखते हुए निशानेबाज भौनीश मेंदिरत्ता पेरिस ओलंपिक की निराशा को भुलाकर आईएसएसएफ शॉटगन विश्व कप में भारतीय टीम का नेतृत्व करते हुए इस साल की शानदार शुरुआत करने की कोशिश करेंगे. ट्रैप निशानेबाज भौनीश ने पेरिस ओलंपिक के लिए भारत का पहला कोटा हासिल किया था, लेकिन वह ट्रायल्स में चूक गए थे. वह टैंजियर में शानदार शुरुआत करने के लिए प्रतिबद्ध होंगे, क्योंकि 2028 में लॉस एंजेलिस में होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाइंग चक्रइस साल शुरू हो रहा है.

विश्व कप के लिए भारत पुरुष और महिला दोनों वर्गों में ट्रैप और स्कीट के



लिए 12 सदस्यीय टीम और दो ट्रैप मिश्रित टीमें भी भेज रहा है, जिनकी मदद के लिए विदेशी कोच, फिजियोथेरेपिस्ट और मनोवैज्ञानिक भी साथ में होंगे. भारत के शीर्ष ट्रैप निशानेबाज जोरावर सिंह संधू को हालांकि टीम में जगह नहीं मिल पाई है. जोरावर पिछले साल विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतने वाले तीसरे भारतीय बने थे. यह 46 वर्षीय निशानेबाज वर्तमान में अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) की विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर हैं, लेकिन उन्हें एशियाई खेलों के लिए टीम में जगह बनाने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है. एशियाई खेलों के लिए टीम में जगह बनाने के लिए विश्व कप में खेलना अनिवार्य होता है.

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बावजूद भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ को मोरक्को में भारतीय दूतावास से हरी झंडी मिलने के बाद टीम इस प्रतियोगिता में भाग लेगी. हालांकि, कागजों में भौनीश को छोड़कर टीम काफी साधारण नजर आती है.

# मल्लिका शेरावत की धमाकेदार वापसी



द ट्रेटर्स इंडिया सीजन 2 अब और भी ग्लैमरस होने वाला है। खबर है कि इस बार शो में बॉलीवुड की बोल्ड अभिनेत्री मल्लिका शेरावत भी अपनी चालें चलती नजर आएंगी। जैसलमेर के रेतीले धोरों के बीच शुरू हुई इस शो की शूटिंग और मल्लिका की एंट्री ने दर्शकों की उत्सुकता और बढ़ा दी है। मल्लिका पहले भी रियलिटी शोज में धमाल मचा चुकी हैं और अब एक बार फिर वो दर्शकों का दिल जीतने आ रही हैं। द ट्रेटर्स इंडिया 2 की शूटिंग जैसलमेर में शुरू हो गई है।

रिपोर्ट के मुताबिक, मल्लिका शो से जुड़ गई हैं और शूटिंग का हिस्सा बन चुकी हैं। पिछले महीने से मीडिया में मल्लिका के शो में शामिल होने की अटकलें लगाई जा रही थीं। अब साफ हो गया है कि वो इस धोखे और सस्पेंस से भरे गेम का हिस्सा होंगी।

पिछले दिनों खबर आई थी कि शो के होस्ट करण जौहर शूटिंग के लिए जैसलमेर पहुंच चुके हैं। लंबे समय से विदेश में रह रहीं मल्लिका एक बार फिर भारतीय स्क्रीन पर छाने के लिए तैयार हैं। पिछली बार उन्हें साल 2024 में आई फिल्म विक्की विद्या का वो वाला वीडियो में देखा गया था।

## पौराणिक एक्शन फिल्म नागबंधम केजीएफ फेम गरुड़ राम फर्स्ट लुक रिलीज़

अभिषेक नामा की आने वाली पौराणिक एक्शन फिल्म नागबंधम, जिसमें विराट कर्ण हैं, पूरे भारत में खूब चर्चा में है। फिल्म की ग्रैंड पैन–इंडिया रिलीज़ बस आने ही वाली है, और टीम इसे प्रमोट करने के लिए पूरी कोशिश कर रही है। लीड एक्टर्स के फर्स्ट–लुक पोस्टर ने पहले ही तहलका मचा दिया है।

मेकर्स ने अभी–अभी गरुड़ राम, उर्फ़ भैरागी का फर्स्ट लुक रिलीज़ किया है, और यह एक शोस्टॉपर है। उनका राख से सना शरीर, बंधे हुए ड्रेडलॉक, और केसरिया लाल फेस पेंट उन्हें एक भयंकर, रहस्यमयी औरा देते हैं। तीखी आँखों और रुद्राक्ष और हड्डियों की मालाओं की परतों के साथ, वह एक शक्तिशाली तांत्रिक योद्धा के रूप में दिखाई देते हैं। पोस्टर को धुंधले, घने जंगल में सेट किया गया है जो साँपों और बिखरी हुई खोपड़ियों से भरा है, जो डरावनी, सुपरनैचुरल वाइब को और बढ़ा देता है।

# दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी–20 सीरीज के लिए भारतीय महिला टीम घोषित

नईदिल्ली, भारतीय महिला क्रिकेट टीम को अप्रैल में दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के खिलाफ टी–20 सीरीज खेलनी है। 5 मैचों की सीरीज के लिए भारतीय महिला चयन समिति ने टीम की घोषणा की है, जिसमें काशवी गौतम और अनुष्का शर्मा को भी जगह मिली है। हरमनप्रीत कौर टीम की कप्तानी करेंगी, जबकि स्मृति मंधाना टीम की उपकप्तान होंगी। आइए भारत की टीम और सीरीज के कार्यक्रम पर एक नजर डालते हैं।

कमलिनी ने दिसंबर में श्रीलंका के खिलाफ घरेलू सीरीज में अपने टी–20 डेब्यू के बाद से कोई भी अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है। कमलिनी उस टी–20 टीम का हिस्सा थीं जिसने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया का दौरा किया था, लेकिन



उन्हें उस सीरीज में खेलने का मौका नहीं मिला था। इसके अलावा पिछली सीरीज में टीम का हिस्सा रहने वाली वैष्णवी शर्मा, स्नेह राणा, और अमनजोत कौर भी दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए नहीं चुनी गई हैं।

हरमनप्रीत की अगुवाई वाली टीम में विकेटकीपर उमा छेत्री को भी चुना गया है। उनके अलावा ऋचा घोष टीम की प्रमुख विकेटकीपर के तौर पर शामिल हैं।

दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए भारत की टी–20 टीमः हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, दीप्ति शर्मा, ऋचा घोष (विकेटकीपर), अरुंधति रेड्डी, रेणुका ठाकुर, क्रांति गौड़, श्री चरणी, श्रेयंका पाटिल, काशवी गौतम, भारती फुलमाली, उमा छेत्री (विकेटकीपर), अनुष्का शर्मा।

काशवी और अनुष्का को पहली बार टी–20 टीम में चुना गया है। 22 साल की की तेज गेंदबाज काशवी विमेंस प्रीमियर लीग में गुजरात जायंट्स टीम का हिस्सा रही हैं। उन्होंने इस टीम के लिए 18 मैच खेले हैं, जिनमें उन्होंने 19 विकेट लिए हैं। वह भारत के लिए 6 वनडे और 1 टेस्ट खेल चुकी हैं।

## एक नजर

### युवती को परेशान करने वाले युवक को हुई तीन माह सजा

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : युवती के घर में घुसकर गाली-गलौज करना, जान से मारने धमकी देना व सोशल मीडिया में अभद्र शब्दावली का प्रयोग करने के आरोपी को तीन महीने के साधारण कारावास की सजा और अलग-अलग धाराओं में कुल सात हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया है। यह फैसला सिविल जज (सी.डि)/अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पौड़ी अमित भट्ट की अदालत ने सुनाया है। अदालत ने आदेश में कहा कि किसी महिला का पीछा करना या जबरदस्ती संपर्क व बार-बार परेशान करना आदि अपराध की श्रेणी में शामिल हैं। कोतवाली निवासी युवती ने बीते 13 मई को पुलिस को नामजद तहरीर दी थी, जिसमें बताया गया कि 12 मई को आरोपी प्रशांत असवाल ने उसके घर में घुसकर गाली-गलौज कर, जान से मारने धमकी दी और सोशल मीडिया में अभद्र शब्दावली का प्रयोग किया। पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया और 25 अगस्त को आरोप पत्र अदालत पहुंचा। गवाहों के बयान व साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने आरोपी को दोषी करार कर प्रशांत असवाल को तीन अलग-अलग धाराओं में दंडित करते हुए तीन महीने का साधारण कारावास और कुल सात हजार रुपये का अर्थदंड लगाया। अर्थदंड जमा नहीं करने पर दोषी को एक महीने का अतिरिक्त कारावास भुगतने के भी आदेश दिए हैं।

### आपातकालीन चिकित्सा सुविधाओं को सुदृढ़ करने की आवश्यकता

श्रीनगर गढ़वाल : गढ़वाल विश्वविद्यालय के चौरास परिसर स्थित एक्टिविटी सेंटर में इंटरनेशनल गुडविल सोसाइटी ऑफ इंडिया (आईजीएसई) गढ़वाल चैप्टर की वार्षिक बैठक हुई। मुख्य अतिथि संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. योगेंद्र नारायण (पूर्व महासचिव, राज्यसभा एवं कुलाधिपति, गढ़वाल विश्वविद्यालय) ने समाज में सद्भावना, सेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व के महत्व पर प्रकाश डाला और शैक्षणिक संस्थानों को सामाजिक परिवर्तन का केंद्र बनने की आवश्यकता बताई। उन्होंने विरासत संरक्षण के लिए सीएसआर फंड के उपयोग पर जोर दिया। चैप्टर अध्यक्ष प्रो. एमएम सेमवाल ने चारधाम यात्रा मार्ग पर कचरा निस्तारण, शौचालयों की कमी और पहाड़ों में स्वास्थ्य सेवाओं की कमजोर स्थिति जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने आपातकालीन चिकित्सा सुविधाओं को सुदृढ़ करने की आवश्यकता बताई। कार्यक्रम में प्लास्टिक प्रदूषण, ऊर्जा संकट, घोस्ट विलेज और लुप्त होते पहाड़ी भोजन पर वक्ताओं ने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर उपाध्यक्ष प्रो. सीमा धवन, प्रो. पूजा सकलानी, सचिव प्रो. सतीश सती, प्रो. महेंद्र बाबू, डॉ. शेखर बहुगुणा आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

### स्कूल के क्षतिग्रस्त पुश्ते से आवासीय भवन को खतरा

श्रीनगर गढ़वाल : डागर पट्टी के गवाणा स्थित प्राथमिक विद्यालय के क्षतिग्रस्त पुश्ते से आवासीय भवन को खतरा बना हुआ है। स्थानीय निवासी जसपाल सिंह नेगी ने पुश्ता निर्माण कराने की मांग उठाई और इस संबंध में बीईओ को ज्ञापन दिया। उन्होंने कहा कि पुश्ता पिछले तीन वर्षों से टूटा हुआ है जिसका निर्माण अब तक नहीं हो पाया है। इससे स्कूल के नीचे बने आवासीय भवन को खतरा बना हुआ है। कहा कि विद्यालय के पास से गुजरने वाला आम रास्ता भी क्षतिग्रस्त है और बारिश के दौरान पानी सीधे नीचे स्थित मकान की ओर आ रहा है। वहीं खंड शिक्षा अधिकारी कीर्तिनगर डॉ. वाईएस नेगी ने बताया कि पुश्ता निर्माण के लिए प्रस्ताव भेजा जा चुका है। बजट उपलब्ध होते ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

### माधो सिंह भंडारी मेला स्थल का 89.72 लाख की लागत से होगा सौंदर्यीकरण

श्रीनगर गढ़वाल : विकासखंड कीर्तिनगर के मलेथा गांव स्थित वीर शिरोमणि माधो सिंह भंडारी मेला स्थल के विस्तारीकरण एवं सौंदर्यीकरण कार्य का बुधवार को शिलान्यास किया गया। मुख्य अतिथि देवप्रयाग विधायक विनोद कंडारी ने शिलापट्ट का अनावरण कर कार्यों की शुरुआत की। राज्य सेक्टर योजना वर्ष 2025-26 के तहत 89.72 लाख की लागत से मेला स्थल का विस्तार एवं सौंदर्यीकरण किया जाएगा। विधायक विनोद कंडारी ने कहा कि मलेथा स्थित वीर शिरोमणि माधो सिंह भंडारी मेला स्थल न केवल ऐतिहासिक और सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है बल्कि यह क्षेत्र की पहचान का प्रमुख केंद्र भी है। इस स्थल के विकास से यहां होने वाले मेलों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों को नई पहचान मिलेगी ।

# मार्ग निर्माण को धरना जारी, 29 को होगी जनसभा


कोटद्वार में लालढांग-चिल्लरखाल मोटर मार्ग निर्माण के लिए धरना देते क्षेत्रवासी

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** लालढांग-चिल्लरखाल मोटर मार्ग को एलिवेटेड बनाने की मांग को लेकर स्थानीय लोगों का धरना जारी रहा। लोगों ने मार्ग निर्माण नहीं होने तक आंदोलन जारी रखने की चेतावनी दी है। कहा कि न्यायालय के आदेश के बाद भी सरकार मार्ग निर्माण को लेकर लापरवाह बनी हुई है। मार्ग निर्माण व मार्ग पर व्यवसायिक वाहनों को खुलवाने के लिए 29 मार्च को जनसभा की जाएगी। चिल्लरखाल में धरना देते हुए लोगों ने सरकार के खिलाफ रोष व्यक्त किया। कहा कि 12 फरवरी को न्यायालय ने मार्ग निर्माण को हरी झंडी दिखाई। लेकिन, अब तक मार्ग निर्माण को लेकर स्थिति साफ नहीं की गई है। यही नहीं कुछ दिन पूर्व मार्ग पर व्यवसायिक वाहनों की आवाजाही को भी रोक दिया गया। रवींद्र सौंद, प्रवीण थापा ने कहा कि संघर्ष समिति की ओर 29 मार्च को हल्दूखाता तिराहे पर एक विशाल जनसभा का आयोजन किया जाएगा। जिसमें आगामी रणनीति पर विचार विमर्श किया जाएगा। कहा कि मोटर मार्ग निर्माण के लिए आंदोलन को और तेज करने के लिए क्षेत्र के लोगों को जागरूक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता विगत सात माह से आंदोलन कर रही है, लेकिन शासन-प्रशासन उनके आंदोलन की अनदेखी कर रहा है। कहा कि न्यायालय में सही तथ्य नहीं रखने के कारण मामला सुलझने के बजाय और उलझ चला गया। यह मोटर मार्ग अंग्रेज शासन काल से अस्तित्व में है, जहां पर नियमित रूप से आवागमन होता रहता था। कहा कि इस मार्ग को जनहित में एलेवेटेड बनाया जाना जरूरी है। कहा कि जनप्रनिधियों की तरफ से मोटर मार्ग निर्माण में अड़चने पैदा करना दुर्भाग्यपूर्ण है। इस मौके पर मदन सिंह नेगी, देवेंद्र सिंह रावत, नरेश धस्माना, प्रकाश रावत, दीपा अधिकारी, पुष्पा मेहरा मौजूद रहे।

# स्काउट गाइड शिविर में विद्यार्थियों ने सीखे गुर


आयोजित स्काउट गाइड शिविर में अपनी प्रतिभा दिखाते विद्यार्थी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत क्रैडल पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय स्काउट गाइड शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों को टेंट निर्माण सहित अन्य गुर सिखाए गए।

विद्यालय परिसर में आयोजित शिविर के अंतिम दिन शिक्षकों ने विद्यार्थियों को स्काउट गाइड के बारे में बताया। कहा कि स्काउट गाइड के माध्यम से विद्यार्थियों को बेहतर समाज सेवा का अवसर मिलता है।

आपदा के समय किस तरह बचाव करना है यह सीखना भी स्काउट गाइड का एक मुख्य अंग है। विद्यार्थियों को शिविर में मिलने वाली जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने का कार्य करना चाहिए। शिविर के दौरान विद्यार्थियों ने टेंट बनाकर अपनी प्रतिभा भी दिखाई। विद्यालय की संरक्षक रेणुका गुसाईं ने कहा कि बच्चों के बेहतर विकास के लिए समय-समय पर इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। अधिक से अधिक बच्चों को कार्यशाला में प्रतिभाग के लिए प्रेरित किया जाता है। इस मौके पर वैभव गौड़, राजीव गुसाईं, राजेश कुमार, रजनी नेगी आदि मौजूद रहे।

## अच्छे नागरिक बनकर राष्ट्र निर्माण में सहयोग करें



**जयन्त प्रतिनिधि। सतपुली :** विकासखड द्वारीखाल क्षेत्र के अन्तर्गत राजकीय इंटर कालेज खैरासैण में छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से शिक्षा परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान संस्कृत ज्ञान प्रतियोगिता में अव्वल आने पर कक्षा 11 की छात्रा सुहाना को सम्मानित किया गया। इस मौके पर डॉ. विजेन्द्र सिंह ने छात्र-छात्राओं को शिक्षा, अनुशासन, बच्चों के चारित्रिक विकास, नैतिक विकास एवं आगामी जीवन हेतु विभिन्न कोर्सों से सम्बंधित जानकारी दी। अनीता रावत ने छात्र-छात्राओं को स्वास्थ्य एवं किशोरावस्था में होने वाले परिवर्तन के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन जयदेव पंत ने किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य शशि मोहन ने छात्र-छात्राओं को अच्छे नागरिक बनकर राष्ट्र निर्माण में सहयोग करने हेतु प्रेरित किया। कहा कि किसी भी राष्ट्र के निर्माण उसके नागरिकों की अहम भूमिका होती है। यदि नागरिक राष्ट्र के विकास के लिए प्रयत्नशील नहीं हैं तो वह राष्ट्र प्रगति नहीं कर सकता। राष्ट्र को शिखर पर ले जाने का उत्तरदायित्व नागरिकों पर ही है। कार्यक्रम में कीर्ति नेगी, तनवी जुगरान, सुधीर कुमार, सोनू कुमार आदि मौजूद रहे।

## भागवत कथा सुनने से जीवन में होगा सकारात्मक ऊर्जा का संचार

श्रीनगर गढ़वाल : भाजपा महिला मोर्चा श्रीनगर मंडल की ओर से चैत्र नवरात्र पर कंसमर्दनी मंदिर में शक्ति पूजन एवं भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। महिलाओं ने मां भगवती दुर्गा की पूजा-अर्चना की। भाजपा महिला मोर्चा पौड़ी जिला अध्यक्ष प्रमिला भंडारी ने सभी कार्यकर्ताओं एवं महिलाओं को नवरात्र की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा ललिता नेगी, आशा उपाध्याय, मुन्नी पांडे, लक्ष्मी रावत, विजयलक्ष्मी, शांति भट्ट, आशा फरासी, गुड्डी गैरोला आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत भी पहुंचे। उन्होंने माता से सभी पर अपना आशीर्वाद बनाए रखने के लिए पूजा अर्चना भी की। वहीं ब्राह्मण मोहल्ला में चौहान परिवार की ओर से आयोजित श्रीमद्भागवत कथा का विधि-विधान के साथ समापन हो गया।

# अनदेखी का रोष, जारी रहा महासंघ का धरना


सिंचाई विभाग के गेस्ट हाउस परिसर में धरना प्रदर्शन करते डिप्लोमा इंजीनियर्स।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : सरकार पर अनदेखी का आरोप लगाते हुए डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ का धरना जारी रहा। महासंघ ने जल्द समस्याओं का निराकरण नहीं होने पर आंदोलन को तेज करने की भी चेतावनी दी।

अपनी 27 सूत्रीय मांगों को लेकर डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ पिछले तीन दिन से धरने पर डटा हुआ है। जिलाध्यक्ष कौशिद अली ने कहा कि महासंघ पिछले लंबे समय से समस्याओं के निराकरण की मांग उठा रहा है।

कई वर्षों से कनिष्ठ अभियंताओं के वेतन विसंगति, पुरानी पेंशन बहाली, पदोन्नति में ठहराव को दूर करने के लिए आंदोलन कर रहे है, लेकिन शासन-प्रशासन की तरफ से उनकी मांगों पर कोई सकारात्मक कार्यवाही नहीं की जा रही है। कहा कि अभियंता दुर्गम भौगौलिक परिस्थियों व आपदा के समय भी कार्य करते रहते है, लेकिन उन्हें दुर्घटना बीमा की सुविधा प्राप्त नहीं है।

उन्होंने ऐसी परिस्थितियों ने दुर्घटना बीमा दो करोड़ किए जाने की मांग की है। इसके अलावा सभी अभियंताओं को विभाग की तरफ से लैपटाप व कंम्यूटर उपलब्ध करवाए जाने, तकनीकी कार्मिकों को गुणवत्ता नियंत्रण संबधी प्रशिक्षण दिए जाने सहित 27 सूत्रीय मांग पत्र को पूरा करने की मांग की है। इस मौके पर शशि भूषण लिंगवाल, विपिन सैनी, दीपेंद्र रावत, विजय लक्ष्मी, प्रदीप सैनी, महेश काला, गौरी शंकर, अजीत सिंह, प्रदीप ममगांई मौजूद रहे।

# योग प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने पर किया सम्मानित


योग प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करते शिक्षक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : योग नगरी ऋषिकेश में आयोजित अंतरराष्ट्रीय योग दिवस–2026 से लौटे 18 छात्रों को महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0(डॉ.) डी एस नेगी जी ने स्वागत कर उन्हें प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया । इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य प्रो0 (डॉ0) डी0 एस0 नेगी ने विद्यार्थियों को योग के माध्यम से शारीरिक, मानसिक एवं प्राणिक स्तर पर विकास के महत्व की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को बताया गया कि ऐसे अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में सहभागिता से नई सीख प्राप्त होती है, जिसे अपने दैनिक जीवन में अपनाकर वे स्वयं के साथ–साथ समाज के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बन सकते हैं।योग प्रशिक्षक डॉ. अनुपम कोठारी ने जानकारी दी कि 7 दिवसीय अंतरराष्ट्रीय योग महोत्सव के अंतर्गत प्रतिभागियों ने विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास किया। साथ ही रन फॉर योगा एवं विभिन्न देशों से आये प्रतिभागियो के साथ वीटेल आश्रम तक हेरीटेज वॉक जैसे कार्यक्रमों में भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. हीरा सिंह ने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक श्रेष्ठ कला है, जिसे प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में अपनाना चाहिए.इस मौके पर शिक्षा विभाग के डॉ. संदीप किमोठी , आयुशी शर्मा, प्रियांशी बिष्ट, आदिति नेगी, आशी रावत, निकिता रावत, मेहक रावत, दिब्यांशी, पूनम, शिवानी नेगी, ज्योति, निकिता, पारस पंत, मंजीत सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## लोकार्पण के बाद आम जनता के लिए खोला गया श्रीदेव सुमन पार्क

नई टिहरी। जिला मुख्यालय नई टिहरी में स्थित नव निर्मित श्रीदेव सुमन पार्क और श्रीदेव सुमन की मूर्ति का विधायक किशोर उपाध्याय, डीएम नितिका खंडेलवाल, नगर पालिकाध्यक्ष मोहन सिंह रावत व भाजपा जिलाध्यक्ष उदय रावत ने पूजा–अर्चना कर विधिवत लोकार्पण किया। पालिकाध्यक्ष ने पार्क को विधिवत पालिका को हैंडओवर न किए जाने पर नाराजगी जताई। करीब 203 91 लाख की लागत से एशियन डेवलपमेंट बैंक (एडीबी) के वित्तीय सहयोग से जिला विकास प्राधिकरण ने पार्क का नवनिर्माण करवाया। विधायक उपाध्याय ने कहा कि श्रीदेव सुमन ने टिहरी और उत्तरकाशी जिले की जनता के अधिकारों के लिए 84 दिनों तक भूख हड़ताल कर अपने प्राणों का बलिदान दिया है। श्रीदेव सुमन, वीर गबर सिंह और माधो सिंह के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। डीएम ने सभी से पार्क की देखरेख के साथ के सफाई व्यवस्था बनाएं रखने की अपील की। पालिका अध्यक्ष रावत ने कहा कि जिला विकास प्राधिकरण ने बिना पालिका प्रशासन को विश्वास में लिए पार्क का लोकार्पण किया है।

# नदियों के संरक्षण के लिए आगे आए विद्यार्थी


आयोजित कार्यशाला में भाग लेते सदस्य

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : नमामि गंगे के तहत राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जयहरीखाल में कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें विद्यार्थियों को नदियों के संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया। कहा कि नदियों को बचाना हम सभी की जिम्मेदारी दी है।

महाविद्यालय में कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य डा. एलआर राजवंशी ने विद्यार्थियों को नमामि गंगे अभियान की जानकारी दी। कहा कि बेहतर जीवन के लिए नदियों को संरक्षित करना अति आवश्यक है। यह हम सभी की जिम्मेदारी है कि हम अपने क्षेत्र में बहने वाली नदियों को स्वच्छ रखें। डा. उमेश ध्यानी ने कहा कि यह जानकारी हमें अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचानी चाहिए। जिससे समाज में एक जागरूक फैले। नोडल अधिकारी वरूण कुमार ने बताया कि नदियों को स्वच्छ बनाने के लिए समय-समय पर अभियान चलाया जाता है। इस अभियान के अधिक से अधिक विद्यार्थियों को जुड़ना चाहिए। इस मौके पर नवनीत, डा. डीसी मिश्रा, डा. वीके सैनी, डा. प्रीति रावत, डा. विनीता देवी, डा. अर्चना नौटियाल, डा. शिप्रा, डा. दुर्गा रजक आदि मौजूद रहे।

# व्यवस्थाओं को बेहतर बनाएं एजेंसी संचालक


कोतवाली में गैस एजेंसी संचालकों की बैठक लेते पुलिस अधिकारी

**जयन्त प्रतिनिधिः कोटद्वार :** शहर में गैस वितरण व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए पुलिस ने गैस एजेंसी संचालकों के साथ बैठक की। कहा कि व्यवस्थाएं बनी रहें इसके लिए सभी को गंभीरता से कार्य करना चाहिए।

अपर पुलिस अधीक्षक कोटद्वार मनोज कुमार ठाकुर ने गैस एजेंसी संचालकों के साथ बैठक की। कहा कि गैस सिलेंडरों का वितरण पूर्व निर्धारित तिथि एवं तय किए गए क्षेत्र में ही किया जाए। जिससे वितरण व्यवस्था में अनुशासन बना रहे। गैस वितरण उपभोक्ताओं की बुकिंग तिथि के अनुसार किया जाए। जिससे सभी उपभोक्ताओं को समयबद्ध एवं निष्पक्ष रूप से गैस उपलब्ध हो सके। गैस सिलेंडरों की डिलीवरी संबंधित क्षेत्रों में जाकर ही सुनिश्चित की जाए। साथ ही गैस एजेंसियों पर अनावश्यक भीड़ एकत्रित न होने दी जाए, जिससे अव्यवस्था एवं असुविधा से बचा जा सके। उपभोक्ताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आवश्यकता अनुसार गैस एजेंसियों में कर्मचारियों की संख्या बढ़ाई जाए, ताकि वितरण कार्य में किसी प्रकार की देरी या बाधा उत्पन्न न हो।

# ग्रामीणों ने अधिकारियों को बताई अपनी समस्याएं

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : प्रखंड दुगड्डा के अंतर्गत ग्राम पंचायत जयगांव के राजस्व गांव भटगांव के जनता के द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों ने जंगली जानवरों से हो रहे नुकसान, बिजली, पानी सड़क स्वास्थ्य सहित दर्जनों समस्याओं को गिनवाया। ग्रामीणों ने अधिकारियों से जंगली जानवरों के आतंक से निजात दिलाने की मांग की है।

ग्रामीणों ने कहा कि वर्तमान में गांव में सुअर, बंदर सहित कई प्रकार के जंगली जानवर फसल को नुकसान पहुंचा रहे हैं, ग्रामीणों ने सुअर व बंदरों को अन्यत्र स्थानांतरित करने की मांग की है। कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इलेक्ट्रिक या सोलर फेसिंग लगाई जानी चाहिए। कृषि भूमि पर तारबाड़ के ऊपर नायलान की जाली की व्यवस्था होनी चाहिए। इसके अलावा ग्रामीणों खेती के लिए ट्यूबवैल के माध्यम से पाइप लाइने बिछाए जाने, कच्ची सड़कों का डामरीकरण किए जाने, स्कूलों के आसपास लैंटाना झाड़ी का उन्मूलन किए जाने, गांव में बारातघर बनाए जाने, गांव में सोलर लाइट लगाए जाने की मांग की। कार्यक्रम में वन्य जीव विशेषज्ञ डा. दिनेश भट्ट, ग्राम प्रधान रेखा देवी, डा. किशोर कुमार, डा. दिनेश भट्ट, पंचायत मंत्री अनूप जोशी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।


## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा D.L.No. UK1520150036862 में मेरे पिताजी का नाम हरेन्द्र सिंह दर्ज हो गया है। जबकि मेरे पिताजी का सही व वास्तविक नाम हरेन्द्र सिंह रावत है, जो मेरे आधार कार्ड में भी दर्ज है। मैं सेना में कार्यरत हूं, उक्त D.L. में मेरा पता सेन्टर G.R.R.C लैन्सडौन का दर्ज है। वर्तमान में मैंने अपना निवास गुल्लरघाटी रोड, दोनाली चौक, भागीरथी एनक्लेव, नत्थूवाला, देहरादून में बना लिया है। अतः मेरे D.L.No. UK1520150036862 में मेरे पिताजी का सही व वास्तविक नाम हरेन्द्र सिंह रावत एवं पता गुल्लरघाटी रोड, दोनाली चौक, भागीरथी एनक्लेव, नत्थूवाला, देहरादून दर्ज किया जाय।

**सुनील रावत पुत्र हरेन्द्र सिंह रावत**
**निवासी ग्राम गुल्लरघाटी रोड दोनाली चौक, भागीरथी एनक्लेव, नत्थूवाला, देहरादून, उत्तराखण्ड।**
(1596/21)


# श्रीदेव सुमन विवि में शिक्षकों व कर्मियों की कमी होगी दूर

नई टिहरी। श्रीदेव सुमन विवि में स्थायी शिक्षकों की तैनाती के साथ ही अब नए शिक्षा सत्र में शिक्षणेत्तर सवंर्ग में भी कर्मचारियों की नियुक्ति होने की उम्मीद जगी है। विवि ने निजी सहायक, लेखाकार, कंप्यूटर ऑपरेटर, कनिष्ठ सहायक के 31 पदों का सृजन किया है। उक्त पदों पर नियुक्ति के लिए शासन स्तर पर कवायद चल रही है। असिस्टेंट प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और प्रोफेसर के 63 पदों पर नियुक्ति के लिए इन दिनों आवेदन की प्रक्रिया चल रही है। 10 अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि निर्धारित है। बादशाहीथौल में श्रीदेव सुमन विवि 2012 में विधिवत अस्तित्व में आ गया था। ऋषिकेश, गोपेश्वर और चंद्रबदनी विवि के तीन अपने कैंपस कॉलेज है। इसके अलावा 56 राजकीय महाविद्यालय और 150 स्ववित्त पोषित संस्थान विवि से संबद्ध है। इन संस्थानों में लगभग डेढ़ लाख छात्र–छात्राएं अध्यनरत हैं। स्थापना के बाद ही विवि में सबसे अधिक कमी स्थायी कर्मचारियों की बनी हुई है। कुलपति, कुलसचिव, परीक्षा नियंत्रक, उप परीक्षा नियंत्रक, सहायक परीक्षा नियंत्रक और सहायक कुलसचिव के अलावा विवि में कार्यरत लगभग सभी 60 कर्मचारी उपनल और संविदा के आधार पर कार्यरत है। कर्मचारियों के अभाव में विवि समय पर परीक्षा परिणाम घोषित नहीं कर पाता है। रिजल्ट जारी होने पर अंक तालिकाओं में कई तरह की खामियां अंकित हो जाती है। जिस कारण छात्र–छात्राओं को दिक्कतें झेलनी पड़ती है।

विवि स्थापना के 14 साल बाद विवि ने अब जाकर इस सत्र में शिक्षकों की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू की है। नए शिक्षा सत्र आगामी जुलाई माह तक विवि ने शिक्षकों की तैनाती करने का निर्णय लिया है। 10 अप्रैल तक आवेदन पत्र जमा होने के बाद विवि प्रशासन स्क्रूटनी शुरू करेगा। उम्मीद जताई जा रही है कि विवि मई अंतिम या जून प्रथम सप्ताह में शिक्षकों के पदों पर साक्षात्कार कर चयन की प्रक्रिया पूरी कर लेना।


## छावनी परिषद् लैन्सडौन (पौड़ी गढ़वाल)

**कोटेशन नोटिस** (3nd Call)

छावनी परिषद् लैन्सडौन को प्रतिदिन पीने के शुद्ध पानी की आपूर्ति हेतु वाटर टैकरों से जो प्रतिदिन लगभग 10000 लीटर से 60000 लीटर तक आवश्यकतानुसार पीने के पानी की आपूर्ति कर सकें की आवश्यकता हेतु इस कार्यालय में पंजीकृत डीलरों/ठेकेदारों/सप्लायरों से ऑनलाइन कोटेशन www.defproc.gov.in वेबसाईट पर आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण निम्न है :-

| | |
|---|---|
| कोटेशन फार्म ऑन लाईन भरने की तारीख | 06 अप्रैल 2026 समय 1500 बजे तक |
| कोटेशन खोलने की तारीख | 07 अप्रैल 2026 समय 1530 बजे |

कोटेशन फार्म www.defproc.gov.in वेबसाईट पर ऑन लाईन भरे जाएंगे व कोटेशनों से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी, नियम व शर्तें भी इसी वेबसाईट पर देखी जा सकती है।

**पत्रांक सं0 2511/ 2026-27 छा0परि0** **मुख्य अधिशासी अधिकारी**
**दिनॉक :................... मार्च 2026** **छावनी परिषद् लैन्सडौन।**

## संक्षिप्त समाचार

### छोटे भाई पर हमला करने के दोषी को एक साल की सजा

चमोली। तहसील नारायणबगड़ के ग्राम छेकुड़ा (पलसारी) निवासी हरीश लाल ने 12 मई 2022 को पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। बताया कि आठ मई 2022 को वह अपने खेत में मकान निर्माण के लिए पत्थर व अन्य सामग्री एकत्र कर रहा था। इसी दौरान उसका बड़ा भाई बनारसी लाल वहां पहुंचा और रोड़ी–बजरी ले जाने लगा। इस बात को लेकर दोनों भाइयों के बीच विवाद हो गया। बनारसी लाल ने हरीश लाल के सिर पर पत्थर से हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

परिजन तत्काल उसे नारायणबगड़ अस्पताल ले गए जहां उसका उपचार किया गया। मामले की सुनवाई न्यायिक मजिस्ट्रेट सिविल जज (जूनियर डिविजन) थराली देवांश राठौर की अदालत में हुई।

### एक अप्रैल तक रहेगा कार्यबहिष्कार

चमोली। समन्वय समिति उत्तराखंड की ओर से 25 मार्च से 1 अप्रैल तक डिजिटल क्रॉप सर्वे का बहिष्कार किया जाएगा।

साथ ही 2 अप्रैल को देहरादून में सचिवालय का घेराव किया जाएगा। समन्वय समिति के दीपक थपलियाल ने बताया कि डिजिटल क्रॉप सर्वे एवं फार्मर रजिस्ट्री के कारण कई कार्य प्रभावित हो रहे हैं जिसको लेकर पूर्व में कार्यबहिष्कार किया गया था। मगर सरकार की ओर से फिर भी इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। ऐसे में समिति की ओर से ऑनलाइन बैठक कर फिर से कार्यबहिष्कार करने का निर्णय लिया है।

### दो दिनों से नहीं मिल रहा पेट्रोल

चमोली। दो दिनों से नगर में पेट्रोल पंप पर पेट्रोल नहीं मिल पा रहा है जिससे वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि बुधवार को डीजल की गाड़ी पहुंची जिससे वाहन चालकों को थोड़ी राहत मिली। मगर पेट्रोल नहीं मिल पाने से दोपहिया वाहन चालक खासा परेशान रहे। जीएमओयूएल के प्रबंधक सूरज रावत ने बताया कि डिपो से डिमांड कम हो गई है जिससे परेशानी हो रही है। बुधवार शाम तक पेट्रोल की गाड़ी पहुंचने की उम्मीद है।

### बासर पट्टी के थालाधार में अस्पताल के लिए जमीन की तलाश शुरू

नई टिहरी। स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव में जूझ रहे बासर पट्टी के लोगों को जल्द ही थालाधार में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की सौगात मिलने की उम्मीद जगी है। स्वास्थ्य विभाग ने बासर पट्टी के गांवों में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र निर्माण का सर्वे पूरा कर रिपोर्ट शासन को भेज दी है। अस्पताल स्थापना के लिए स्वास्थ्य विभाग ने भूमि की तलाश शुरू कर दी है। भिलंगना ब्लॉक के बासर पट्टी में थालाधार, अमरसर, कफोल, भल्ड, धनसाणी, कंडारस्यूं, सिलोडी बासर, नौलबासर सहित दो दर्जन से अधिक गांव है लेकिन स्वास्थ्य सुविधाओं के नाम पर क्षेत्र में एएनएम सेंटर के अलावा अन्य कोई सुविधा उपलब्ध नहीं है। क्षेत्र के लोगों के बुखार, सिरदर्द, सर्दी–जुखाम की शिकायत होने पर दवाई लेने के लिए 35 किमी की दूरी तय कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेलेश्वर आना पड़ता है। मामूली उपचार के लिए बेलेश्वर तक पहुंचने में समय के साथ वाहनों का अनावश्यक किराया वहन करना पड़ता है।

# जन-जन की सरकार, 4 साल बेमिसाल कार्यक्रम का हुआ भव्य समापन

### खेल व सांस्कृतिक प्रतिभाओं का सम्मान, सरकार की उपलब्धियों पर दिया गया जोर

जयन्त प्रतिनिधि।

चमोली : जन-जन की सरकार, 4 साल बेमिसाल कार्यक्रम के तहत बुधवार को जनपद मुख्यालय गोपेश्वर स्थित पीजी कॉलेज में भव्य कार्यक्रम आयोजित कर विभिन्न सांस्कृतिक एवं खेल प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर सूचना विभाग की सांस्कृतिक टीम एवं स्कूली छात्राओं द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिनमें लोक नृत्य एवं लोकगीतों के माध्यम से पहाड़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का सुंदर प्रदर्शन किया गया।




कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भाजपा उत्तराखंड/जिला सह प्रभारी रुद्रप्रयाग रघुवीर सिंह बिष्ट द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रघुवीर सिंह बिष्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड निरंतर विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा रोजगार सृजन, शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल एवं पर्यटन के क्षेत्र में व्यापक कार्य किए जा रहे हैं। साथ ही महिला सशक्तिकरण को प्राथमिकता देते हुए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंच रहा है। उन्होंने उपस्थित छात्र-छात्राओं को देश का भविष्य बताते हुए उन्हें समाज सेवा, अनुशासन और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान आयोजित टेबल टेनिस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले काव्या सती और शिवांस नेगी को प्रथम, जिया बिष्ट, शिवांस चमोली को द्वितीय एवं अदिति रावत और अथर्व तिवाड़ी को तृतीय स्थान के लिए पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में मोहन सिंह नेगी, नवल भट्ट, उपेंद्र भंडारी सहित विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक, छात्र-छात्राएं तथा बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### किरोड़ा गांव में चार महीने से अनियमित आपूर्ति की समस्या

रुद्रप्रयाग। गर्मियां शुरू होने से पहले ही जखोली विकासखंड के किरोड़ा गांव में पेयजल संकट हो गया है। ग्रामीणों की शिकायत है कि यहां करीब 200 परिवारों वाले इस गांव में पिछले चार महीनों से पानी की अनियमित आपूर्ति हो रही है जिससे ग्रामीणों को स्रोतों से पानी भरना पड़ रहा है। ग्राम प्रधान सोना देवी, महिला मंगल दल अध्यक्ष अनीता देवी, पूर्व प्रधान नरेंद्र सिंह उछोली, सूरवीर सिंह और देवी प्रसाद काणपाल ने बताया कि गांव के स्रोत से हर घर नल योजना के तहत दो वर्ष पहले पेयजल कनेक्शन दिए गए थे लेकिन इसके बाद भी पानी की समस्या लगातार बनी हुई है। प्राकृतिक स्रोत को पेयजल लाइन से जोड़ने के बावजूद नलों में कई–कई दिनों तक पानी नहीं आता। जिस स्रोत पर गांव निर्भर था उसे भी योजना से जोड़ दिया गया है। अब पानी की कमी से रोजमर्रा की दिनचर्या भी प्रभावित हो रही है।

# चैंबर खुले छोड़ने, पोल घर से सटा होने और पेयजल लीकेज की समस्या उठी

देहरादून। रायपुर ब्लाक मुख्यालय में आयोजित बहुउद्देशीय शिविर में चैंबर खुले छोड़ने, निजी भवन से सटा हुआ विद्युत पोल से समस्या, पेड़ों के असंतुलित होकर लटकने आदि समस्याएं प्रमुख रूप से लोगों ने उठाई। बुधवार को जन–जन की सरकार, चार साल बेमिसाल' कार्यक्रम के अंतर्गत बुधवार को रायपुर ब्लाक मुख्यालय में बहुउद्देशीय शिविर आयोजन किया गया। शिविर में रायपुर विधायक उमेश शर्मा (काऊ) की अध्यक्षता में ब्लाक प्रमुख सरोजनी जवाड़ी तथा एसडीएम (सदर) हरिगिर ने जन समस्याएं सुनी। इस दौरान विभिन्न विभागों की योजनाओं के माध्यम से 257 लाभार्थियों की शिकायतों को सुना गया। विधायक उमेश शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार ने विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। सरकार की प्राथमिकता अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। शिविर में लोगों ने 11 समस्याएं प्रस्तुत की गई, जिनका मौके पर ही निस्तारण किया गया। ननूरखेड़ा निवासी आकाश सिंह ने अवगत कराया कि उनके निजी भवन से सटा हुआ विद्युत पोल है जिस कारण वे भवन पर दूसरी मंजिल का निर्माण नहीं करा पा रहे हैं। इस पर संबंधित विद्युत पोल को अन्यत्र स्थानांतरित करने के लिए ऊर्जा निगम को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। डिफेंस कॉलोनी, वार्ड–58 में कुछ स्थानों पर पेड़ों के कारण यातायात बाधित होने की शिकायत की गई। विधायक काऊ ने प्रभागीय वन अधिकारी (डीएफओ) को जांच के निर्देश दिए गए। वहीं, मोहकमपुर के माजरी माफी क्षेत्र में नालियों को भूमिगत किए जाने के दौरान सिंचाई विभाग द्वारा कुछ स्थानों पर चैंबर खुले छोड़ दिए जाने से दुर्घटना की आशंका व्यक्त की गई।

# संसाधनों के अभाव में जूझ रहा है बालगंगा महाविद्यालय

नई टिहरी(। बालगंगा महाविद्यालय में कक्षा–कक्षों और प्रयोगशालाओं का अभाव छात्र–छात्राओं के लिए बड़ी समस्या बनती जा रही है। हर साल बढ़ती छात्रसंख्या के बावजूद संसाधनों का विस्तार नहीं होने से पढ़ाई प्रभावित हो रही है। वर्तमान में महाविद्यालय में करीब 700 छात्र–छात्राएं अध्ययनरत हैं। कक्षा–कक्ष और प्रयोगशालाओं की संख्या 15 तक ही सीमित रह गई है। महाविद्यालय में सबसे अधिक दिक्कत विज्ञान संकाय के छात्रों को हो रही है। प्रयोगशालाओं के अभाव में छोटे–छोटे कमरों में ही प्रयोगात्मक कार्य कराए जा रहे हैं। जिससे पढ़ाई की गुणवत्ता पर असर पड़ रहा है। भिलंगना टिहरी जिले का सबसे बड़ा विकासखंड है जहां 180 ग्राम पंचायतें आती हैं। उच्च शिक्षा के लिए यही एकमात्र संस्थान है। वर्ष 1991 में क्षेत्रीय लोगों ने अपने संसाधनों से सेंदुल में निजी भवन पर महाविद्यालय की स्थापना की थी। बाद में छात्रसंख्या बढ़ने पर ग्रामीणों ने 50 नाली भूमि दान में दी, जिसके बाद बालगंगा शिक्षा प्रसार समिति ने वर्ष 2001 में भवन निर्माण कराया। वर्ष 2015–16 में महाविद्यालय में विज्ञान संकाय शुरू होने के बाद छात्र संख्या में तेजी से वृद्धि हुई लेकिन आधारभूत सुविधाओं का विस्तार उस अनुपात में नहीं हो सका। स्थानीय लोगों की मांग पर टीएचडीसी ने एक तीन मंजिला भवन स्वीकृत किया गया था, लेकिन दो वर्ष पूर्व पहली मंजिल का निर्माण पूरा होने के बाद शेष कार्य अधूरा पड़ा है। छात्र संख्या मानक के अनुसार कक्षा–कक्षों की काफी कमी बनी हुई है। सेवा टीएचडीसी ने जो तीन मंजिला भवन बनाना था उसका कार्य पूरा करने के लिए बार–बार टीएचडीसी को पत्र भेजकर उसे पूरा करने का अनुरोध किया जा रहा है।

### बाजारों और वार्डों में नालियों का निर्माण शुरू

चमोली। नगर पालिका ने ड्रेनेज सिस्टम को सुधारने की कवायद शुरू कर दी है। पालिका ने बाजारों और वार्डों में नालियों का निर्माण और उसका सुधारीकरण का काम शुरू कर दिया है। शुरुआत में मेला मैदान से जीआईसी तक करीब 300 मीटर नाली का निर्माण किया जा रहा है। इस नाली निर्माण से मेला मैदान से पानी की निकासी हो सकेगी।मुख्य बाजार में बरसात के दौरान मेला मैदान और बदरीनाथ हाइवे का पानी इकट्ठा होता है। व्यापार संघ अध्यक्ष राकेश लिंगवाल ने बताया कि बरसात में दुकानों में पानी घुसने से व्यापारियों को नुकसान उठाना पड़ता है। नाली निर्माण होने से व्यापारियों को राहत मिलेगी। वहीं पालिका अध्यक्ष संदीप नेगी ने बताया कि पालिका के पास सीमित बजट होता है। मगर व्यापारियों की समस्या को देखते हुए फिलहाल कुछ भाग में नाली का निर्माण शुरू किया गया है।

# गर्भवती महिलाओं के लिए निःशुल्क हेली सेवा शुरू

### दुर्गम क्षेत्र में निवासरत महिलाओं को मिलेगी सुरक्षित प्रसव सुविधा

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : दूरस्थ एवं दुर्गम क्षेत्रों में निवासरत गर्भवती महिलाओं को सुरक्षित प्रसव सुविधा उपलब्ध कराने हेतु जनपद में अब निःशुल्क हेलीकॉप्टर सेवा का शुभारंभ किया गया है। यह सेवा चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग तथा नागरिक उड्डयन विभाग, उत्तराखंड के संयुक्त सहयोग से संचालित की जा रही है। जिला प्रशासन द्वारा आमजन से अपील की गई है कि आपातकालीन परिस्थितियों में इस सेवा का लाभ उठाएं और समय पर स्वास्थ्य संस्थानों से संपर्क करें।



इसी क्रम में बुधवार को इस महत्वपूर्ण सेवा के अंतर्गत जनपद रुद्रप्रयाग की निवासी उदीना पत्नी महेश को हेलीकॉप्टर के माध्यम से वन चेतना पार्क, जखोली से उच्च स्तरीय चिकित्सालय, रुद्रप्रयाग पहुंचाया गया, ताकि उनका प्रसव सुरक्षित एवं चिकित्सकीय निगरानी में संपन्न कराया जा सके। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि अब दूरी नहीं बनेगी बाधा, सुरक्षित मातृत्व हमारा वादा के तहत यूकाडा के अधिकारियों सहित जिला स्वास्थ्य विभाग व जिला प्रशासन के आपसी समन्वय से आज इस अभियान का सफल संचालन किया गया। उल्लेखनीय है कि यह हेलीकॉप्टर सेवा विशेष रूप से उन क्षेत्रों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी, जहां सड़क संपर्क सीमित है या आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना चुनौतीपूर्ण होता है। यह पहल मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने तथा सुरक्षित मातृत्व सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# अगस्त्यमुनि में वृहद स्वरोजगार मेला का हुआ आयोजन

जयन्त प्रतिनिधि।

रूद्रप्रयाग : अगस्त्यमुनि में बुधवार को एक वृहद स्वरोजगार मेला आयोजित किया गया। जिसमें सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाई गई। मेले में प्रतिभाग करने वाले युवाओं ने कहा कि इस तरह के आयोजन काफी लाभकारी होते हैं। कहा कि यह मेला स्थानीय युवाओं तथा विशेषकर महिलाओं को स्वरोजगार और सरकारी योजनाओं से जोड़ने का एक महत्वपूर्ण प्रयास रहा।

मेले का आयोजन जिलाधिकारी विशाल मिश्रा के निर्देशन में हुआ। उद्देश्य था विभिन्न विभागों की योजनाओं को मेला, प्रदर्शनी और शिविर के माध्यम से आम जनता तक पहुंचाना। कार्यक्रम में अलग-अलग विभागों ने अपने विभाग से संबंधित योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर केदारनाथ की विधायक श्रीमती आशा नौटियाल ने कहा कि



सरकार आम जनता, युवा, खासकर महिलाओं के कल्याण के लिए कई योजनाएं चला रही है। अगस्त्यमुनि क्षेत्र में करीब 3500 महिलाएं स्वयं सहायता समूहों के जरिए आर्थिक रूप से सशक्त हुई हैं। ये महिलाएं ह्ललखपति दीदी योजनाह्व के तहत अपनी आय बढ़ाने की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। पशुपालन और अन्य स्वरोजगार के माध्यम से स्थानीय महिलाओं ने अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत की है। खंड विकास अधिकारी अगस्त्यमुनि सुरेश शाह ने बताया कि मेले में सभी विभागों द्वारा प्रतिभाग कर स्टॉल लगाए गए थे, जिनके माध्यम से स्थानीय लोगों को योजनाओं की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए, स्टॉल में 35 लोगों का परीक्षण कराया गया। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन होने से गरीबी उन्मूलन के साथ ही स्वरोजगार के अवसरों में भी व्यापक रूप से लाभ मिलता है।

### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र–छात्राएं सम्मानित

चमोली। सरकार के चार साल पूरे होने पर पीजी कॉलेज गोपेश्वर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें सांस्कृतिक टीम व स्कूली छात्र–छात्राओं ने लोकगीत व नृत्यों की प्रस्तुति दी। इस दौरान खेल व सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को सम्मानित किया गया। पीजी कॉलेज के ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि भाजपा जिला सह प्रभारी रुद्रप्रयाग रघुवीर सिंह बिष्ट ने किया। उन्होंने कहा कि सरकार रोजगार सृजन, शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल, पर्यटन के क्षेत्र में व्यापक कार्य कर रही है। इस दौरान टेबल टेनिस में काव्या सती व शिवांश नेगी को प्रथम, जिया बिष्ट, शिवांस चमोली को द्वितीय और आदिति व अथर्व तिवारी को तृतीय स्थान का पुरस्कार दिया गया। इसके अलावा अन्य खेलों व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने वाले छात्र–छात्राओं व सामाजिक कार्यकर्ताओं को भी सम्मानित किया गया।

# नगुण पट्टी के विकोल गांव आज भी सड़क से दूर

नई टिहरी। थौलधार ब्लॉक में नगुण पट्टी का विकोल गांव पांच किमी सड़क सुविधा से नहीं जुड़ पाया है जिससे ग्रामीणों को सड़क तक पहुंचने के लिए तीन किमी की पैदल दूरी नापनी पड़ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि वह 2017 से स्थानीय विधायक, लोनिवि, मुख्य सचिव और मुख्यमंत्री तक गुहार लगा चुके हैं लेकिन विकोल के लिए पांच किमी की स्वीकृति नहीं मिल पाई है। परेशान ग्रामीणों ने छह अप्रैल को नगुण–भवान–अलमस मोटर मार्ग पर चक्का जाम करने की चेतावनी दी है। थौलधार के पूर्व ज्येष्ठ प्रमुख गुलाब सिंह बरवाण ने डीएम को दिए ज्ञापन में बताया कि 12 सौ की आबादी वाला विकोल गांव सड़क सुविधा से वंचित है। गांव के लोग 2017 से लगातार संबंधित अधिकारियों, विधायक और सीएम से पत्राचार करते आ रहे हैं। लेकिन अभी तक सड़क की स्वीकृति नहीं मिल पाई है। उन्होंने बताया कि गांव में सड़क नहीं होने के कारण ग्रामीणों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कोई बीमार होता है तो उसे कंडी के सहारे पहुंचाना पड़ता है। कोई भारी सामान गांव पहुंचाने के लिए भी मशक्कत करनी पड़ती है। पूर्व ज्येष्ठ प्रमुख ने बताया कि गांव में तीन प्राथमिक स्कूल, एक उच्च प्राथमिक स्कूल और तीन आंगनबाड़ी केंद्र है। ज्यादा पैदल होने के कारण शिक्षक–कर्मचारी भी गांव जाने को कतराते हैं। उन्होंने कहा कि थौलधार ब्लॉक के उनियाल गांव से विकोल के लिए शीघ्र ही पांच किमी सड़क की स्वीकृति प्रदान नहीं की जाती है तो छह अप्रैल को नगुण–भवान–अलमस मोटर मार्ग पर चक्का जाम कर आंदोलन शुरू किया जाएगा।

# कांग्रेस ने लॉ यूनिवर्सिटी की जमीन खुर्दबुर्द करने का आरोप लगाया

देहरादून। कांग्रेस की प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डॉ.हरक सिंह रावत ने सरकार पर ऋषिकेश के रानीपोखरी में नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के लिए आवंटित भूमि को खुर्द–बुर्द करने का आरोप लगाया। डॉ. रावत ने बुधवार को राजीव भवन में आयोजित प्रेस कांफ्रेस में कहा कि भाजपा की ही सरकार में त्रिवेन्द्र सिंह रावत के मुख्यमंत्रित्व काल में ऋषिकेश के रानीपोखरी में नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के नाम पर भूमि आवंटित की गई थी। इसका शिलान्यास भी कर दिया गया था। सात साल बीतने के बाद भी कोई निर्माण कार्य नहीं हुआ। उल्टे यूनिवर्सिटी के नाम आवंटित भूमि का टिहरी बांध विस्थापितों के नाम पर खुर्द–बुर्द करने का काम किया जा रहा है।भाजपापर जनता से झूठे वादे करने का आरोप लगाते हुए डॉ.रावत ने कहा कि आज स्थानीय जनता को यूनिवर्सिटी के निर्माण के लिए आन्दोलन करना पड़ रहा है। जिस प्रकार शांतिपूर्ण आंदोलन का दमन करने की कोशिश की जा रही है, वह किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं है।

### स्वरोजगार के लिए दी गई मशीनें एक साल से पंचायत भवन में बंद

रुद्रप्रयाग। बच्छणस्यू पट्टी के सुनाऊ गांव में महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए दी गई सिलाई मशीनें एक साल से पंचायत भवन में धूल खा रही हैं। जिम्मेदार अधिकारियों को कहने के बाद भी न तो प्रशिक्षण शुरू हुआ और न ही योजना जमीन पर उतर पाई है। महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए पलायन आयोग की ओर से सुनाऊगांव को दी गई विद्युत सिलाई मशीनें एक साल से पंचायत भवन में पड़ी हैं। आयोग की ओर से करीब 18 लाख रुपये की लागत से यह मशीनें महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए दी गई थीं। इसके लिए प्रशिक्षण भी कराया जाना था। मगर अब तक न प्रशिक्षण शुरू हुआ और न ही मशीनों का उपयोग हो पाया।

# तेंदुआ रेस्क्यू: टैंक में फंसे वन्यजीव को सुरक्षित निकाला

जयन्त प्रतिनिधि।

रूद्रप्रयाग : उत्तर जखोली रेंज के चमराड़ा क्षेत्र में बुधवार को एक तेंदुआ पानी के स्टोरेज टैंक में फंस गया। सूचना मिलते ही रुद्रप्रयाग वन प्रभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर टीम भेजी।

वन विभाग की क्विक रिस्पॉन्स टीम (क्यूआरटी) ने घटनास्थल पर पहुंचकर क्षेत्र की घेराबंदी की और स्थानीय लोगों को सुरक्षित दूरी पर रखा, जिससे किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को टाला जा सके। इसके बाद रेस्क्यू रिस्पॉन्स टीम (क्यूआरटी) ने सावधानी पूर्वक अभियान चलाकर तेंदुए को सुरक्षित बाहर निकाला। यह रेस्क्यू अभियान उप प्रभागीय वनाधिकारी देवेन्द्र सिंह, वन क्षेत्राधिकारी सुरेन्द्र नेगी (उत्तर



जखोली रेंज), हरिशंकर रावत के नेतृत्व में संपन्न हुआ। उप प्रभागीय वनाधिकारी डीएस पुंडीर ने बताया कि तेंदुए को बिना किसी चोट के उसके प्राकृतिक आवास में छोड़ दिया गया। इस दौरान न तो कोई जनहानि हुई और न ही वन्यजीव को किसी प्रकार का नुकसान पहुंचा। वन विभाग ने क्षेत्र में मान-वन्यजीव संघर्ष की रोकथाम के लिए नियमित गश्त, कैमरा ट्रैपिंग और जन-जागरूकता अभियान जारी रखने की बात कही है। साथ ही आमजन से अपील की गई है कि वन्यजीव से संबंधित किसी भी सूचना पर तुरंत विभाग को सूचित करें और सतर्कता बरतें।

उत्तर रेलवे
ई–नीलामी
वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक / कोचिंग (ए.सी.ओ) उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के द्वारा दो एन.एस.जी एवं A-1, A&B कैटेगरी के रेलवे स्टेशनों पर कैटरिंग स्टाल (सभी माइनर यूनिट्स) एवं आटोमैटिक वेंडिंग मशीन, के कार्य को IREPS के माध्यम से मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर ठेके पर देने हेतु ई–नीलामी www.ireps.gov.in पर क्रमशः दिनांक 14.04.2026 एवं 15.04.2026 को आमंत्रित की जाती है, जिसकी विस्तृत जानकारी, नियम व शर्तें www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। 1017/2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे
निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता / प्रथम द्वारा ई टेन्डर जिनके बन्द होने की तिथि प्रत्येक निविदा के सामने अंकित है। निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते है जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| टेन्डर संख्या दिनांक | 339-DRM-MB-25-26 24.03.2026 | 340-DRM-MB-25-26 24.03.2026 | 341-DRM-MB-25-26 24.03.2026 |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | Upgradation of Dehradun station. | Upgradation of Haridwar station. | Upgradation of Athal, Pathri, Ikkar, Jwalapur, Motichur, Rishikesh, Laksar stations of Moradabad division under Sr. DEN/I/MB. |
| निविदा का प्रकार | Works | Works | Works |
| निविदा की कीमत | Nil | Nil | Nil |
| अनुमानित लागत | 8,09,13,230.73 | 5,78,08,337.15 | 12,06,95,144.66 |
| धरोहर राशि | 16,18,300.00 | 11,02,200.00 | 24,14,000.00 |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक / समय | 21.04.2026 16:00 | 21.04.2026 16:00 | 21.04.2026 16:00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 07.04.2026 | 07.04.2026 | 07.04.2026 |
| आफर की वैधता | 60 Days | 60 Days | 90 Days |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 Months | 06 Months | 00 Months |

नं. 74-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 25.03.2026 1011/2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

रुद्रप्रयाग। अगस्त्यमुनि क्षेत्र से सटे ग्राम रायड़ी बुरगट के प्राथमिक विद्यालय मार्ग पर पिछले कुछ समय से असामाजिक तत्व उत्पात मचा रहे हैं। ग्राम प्रधान ने मामले में पुलिस प्रशासन से शिकायत कर असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। ग्राम प्रधान सुधाता देवी ने थाना प्रभारी अगस्त्यमुनि को इस संबंध में शिकायती पत्र भेजा। कहा कि विद्यालय मार्ग पर आए दिन असामाजिक तत्व शराब पीकर हुड़दंग मचाते हैं। वहीं शराब की खाली बोतलें और गंदगी रास्ते पर ही बिखरी रहती है। कहा कि यह मार्ग केवल छात्र–छात्राओं के लिए ही नहीं बल्कि गांव की महिलाओं के लिए भी घास–लकड़ी लाने का मुख्य रास्ता है। सुनसान रास्तों पर अराजक तत्वों की मौजूदगी से वे असुरक्षित महसूस कर रही हैं।

# खेल सुविधाओं के विस्तार के लिए सरकार प्रतिबद्ध : धामी

जयन्त प्रतिनिधि।

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज, देहरादून में उत्तरांचल प्रेस क्लब द्वारा आयोजित मंजुल सिंह मांजिला स्मृति अंतर क्रिकेट टूर्नामेंट का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने स्वयं क्रिकेट खेलकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और खेल भावना को बढ़ावा दिया।

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि खेल शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। खेलों के माध्यम से युवाओं में अनुशासन, टीमवर्क, नेतृत्व क्षमता तथा संघर्षशीलता जैसे गुणों का विकास होता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में खेल सुविधाओं के विस्तार और खिलाड़ियों को बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री



ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में खेलो इंडिया और फिट इंडिया मूवमेंट जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से देश में खेल संस्कृति को प्रोत्साहित करने की मजबूत नींव रखी गई है। इन पहलों से युवाओं को खेलों से जुड़ने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा मिल रही है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री खजान दास, विधायक उमेश शर्मा काऊ, निदेशक खेल डॉ. आशीष चौहान, महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी, उत्तरांचल प्रेस क्लब के अध्यक्ष अजय सिंह राणा सहित क्लब के पदाधिकारी एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382—222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com